

अब कोहली और राहुल का इम्तिहान
▸ पेज - 7

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

वक्फ संशोधन बिल को JPC की मंजूरी
▸ पेज - 8


वर्ष : 33 | अंक : 314 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 30 जनवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल






**महाकुंभ में हादसा** मौनी अमावस्या के दूसरे अमृत स्नान के पूर्व अमंगल

# मौनी पर मौन हुआ मंगलगान

- 35 से 40 मौतें हुई हैं इस भगदड़ में, सरकार बोली- 30 लोग मारे गए
- 25 की हुई है शिनाख्त अब तक, 60 से ज्यादा हुए हैं घायल
- 25-25 लाख का मुआवजा मृतकों के परिजनों को देगी योगी सरकार

**अपनों को खोजते परिजन, रोते-बिलखते लोग और जख्मी पड़े श्रद्धालु**

सनातन का वह मंगलगान मौन हो गया, जो मौनी अमावस्या पर तीर्थराज प्रयाग में गूंजने वाला था। ब्रह्ममहूर्त से गुंजायमान होने वाला हर-हर महादेव का जयघोष भी थम गया। हर-हर गंगे के स्वर मद्धम हो गए। शंखनाद रुक गया। बढ़ते कदम थम गए। ढोल-ताशों की डम-डम बंद हो गई। बैंड की स्वर लहरियां गुमसुम हो गईं। समस्त वैभव नीरस हो गया। लाव-लश्कर रुक गया। अखाड़े, डेरे, आश्रम, मठ, सन्नाटे में रह गए। आचार्य, संत, महंतों, महामंडलेश्वरों के मुखमंडल पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। संगम से आई एक खबर ने सब कुछ एक पल में बदल दिया। उत्सव का माहौल गम में तब्दील कर दिया। कहां तो अखाड़ों में बेटी के ब्याह-सा नज़ारा था और कहां पूरा आंगन सूना हो गया। सब कुछ मंगल था। आधी रात तक सब कुछ सामान्य भी था। भीड़ हिलोरें ले रही थी, लेकिन यह हिलोरें तटबंध, यानी बैरिकेड्स के अंदर ही थीं। करोड़ो-करोड़ लोग संगम क्षेत्र के आसपास डटे हुए थे। रात 2 बजते-बजते धैर्य टूट गया। क्या हुआ, कुछ सही-सही पता नहीं और साधु समाज से पहले भीड़ संगम तरफ दौड़ पड़ी। देखते-देखते हालत बेकाबू हो गए। भगदड़ मच गई। पलभर में 50 से ज्यादा घायल हो गए।

## भगदड़ की 2 संभावित वजह

### संगम पर लाखों की भीड़

अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इस दौरान बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ मच गई।

### एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं

संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।

### जरुरी कदम उठाए गए

भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 पॉइंट को बंद कर दिया गया है। सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं। यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी। रास्ते को वन-वे कर दिया गया है। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा है। शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।



**एजेंसी | प्रयागराज**

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट मंगलवार और बुधवार की आधी रात को हुई भगदड़ में 35 से 40 लोग मारे गए हैं। हादसे के 17 घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और DIG वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। DIG वैभव कृष्ण ने कहा- भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 60 लोग घायल हैं। 25 शवों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि भगदड़ में मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19, कर्नाटक के 4, गुजरात और असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत हुई है। उन्होंने कहा- घाट पर कुछ बैरिकेड्स टूट गए थे, जिसकी वजह से कुछ लोग जमीन पर सो रहे कुछ श्रद्धालुओं पर चढ़ गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि मेले में कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा।




**महाकुंभ भगदड़ पर भावुक हुए CM योगी :** घटना की जानकारी देते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। सीएम योगी ने मृतकों के परिवारों को 25 –25 लाख रुपए मुआवजा देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कहा, 'मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचे थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई और 90 से अधिक लोग घायल हो गए। 36 लोगों का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। यह घटना भीड़ द्वारा अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ने के कारण हुई। सरकार ने निर्णय लिया है कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। इसके लिए हमने जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग बनाया है।'



## पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान हुई भगदड़ की घटना पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पीएम मोदी ने योगी आदित्यनाथ से भी बात की और स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को पीड़ितों की हरसंभव मदद के निर्देश दिए। वहीं इस हादसे को लेकर विपक्ष ने यूपी सरकार पर निशाना साधा है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि योगी सरकार महाकुंभ मेले के प्रचार-प्रसार में लगी रही, लेकिन व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब गृह मंत्री और रक्षा मंत्री स्नान के लिए पहुंचे, तो पूरा क्षेत्र सील कर दिया गया, जिससे आम श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हुई। राउत ने कहा, ₹1954 में पंडित नेहरू खुद महाकुंभ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने गए थे, लेकिन आज के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उतने सक्रिय नहीं दिख रहे।


## न्यूज़ ब्रीफ

### ISRO ने फिर रचा इतिहास, 100वां मिशन लॉन्च



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ISRO ने बुधवार (29 जनवरी) को एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। ISRO ने अपने GSLV-F15 रॉकेट से NVS-02 सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह लॉन्च सतीश धवन स्पेस सेंटर (Satish Dhawan Space Center) के दूसरे लॉन्च पैड से सुबह 6:23 बजे हुआ। इस मिशन के साथ ISRO ने अपने इतिहास में 100वां उपग्रह मिशन पूरा किया। उपग्रह का मकसद भारत के क्षेत्रीय नेविगेशन नेटवर्क को मजबूत करना है। इससे भारतीय उपमहाद्वीप में हाई लेवल की नेविगेशन सेवाएं मिलेंगी।

### पानसरे हत्याकांड में छह आरोपियों को जमानत



**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक गोविंद पनसारे की हत्या के छह आरोपियों को अदालत से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इन आरोपियों को लंबी कैद के आधार पर बुधवार को जमानत दे दी। गौरतलब है कि साल 2015 में पनसारे की हत्या कर दी गई थी। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एएस किलोर की एकल पीठ ने सचिन अंदुरे, गणेश मिस्किन, अमित देगवेकर, अमित बद्दी, भरत कुराणे और वासुदेव सूर्यवंशी की जमानत दे दी। इन आरोपियों को साल 2018 से 2019 के बीच गिरफ्तार किया गया था। तब से सभी आरोपी जेल में बंद थे। जस्टिस एएस किलोर ने कहा, मैं लंबी कैद को आधार मानते हुए इन आरोपियों की जमानत याचिका मंजूर कर रहा हूं। एक अन्य आरोपी वीरेंद्र सिंह तावड़े की जमानत याचिका पर अलग से सुनवाई होगी।

### महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के पेट में बच्चा



**बुलढाणा।** बुलढाणा जिले में 32 वर्षीय गर्भवती महिला में 'भ्रूण के अंदर भ्रूण' पाया गया है। यह एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति है जिसमें एक विकृत भ्रूण दूसरे भ्रूण के अंदर स्थित होता है। अधिकारी ने बताया कि इस दुर्लभ विसंगति का पता तब चला जब 35 सप्ताह की गर्भवती महिला कुछ दिन पहले नियमित जांच के लिए बुलढाणा जिला महिला अस्पताल आई। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में महिला के अल्ट्रासाउंड के दौरान चिकित्सकों को इस स्थिति के बारे में पता चला। अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 'भ्रूण में भ्रूण' मामला दुर्लभतम होता है। यह स्थिति पांच लाख में से एक में पाई जाती है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अब तक पूरी दुनिया में ऐसे केवल 200 मामले ही सामने आए हैं और वे भी प्रसव के बाद ही सामने आए। इनमें से भारत में अब तक इस तरह के महज 10-15 मामले ही मिले हैं।

### विधायक अधिकारियों से न उलझें: अजित पवार



**मुंबई।** राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा (अजित) प्रमुख अजित पवार ने अपने सभी विधायकों को निर्देश दिए हैं कि अगर किसी भी कार्य को लेकर उनके विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अड़चन आती है तो सीधे उनसे संपर्क किया जाए। अजित ने अपने विधायकों और नेताओं से अधिकारियों से उलझने से भी बचने को कहा है। अजित पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह आदेश उन्होंने सभी विधायकों को दिए।

# दो साल में एक लाख घर बनाएगी सरकार

## उपमुख्यमंत्री शिंदे ने किया ऐलान

**दीपक पवार | मुंबई**

महाराष्ट्र में आम जनता के अपने आशियाने के सपने को साकार करने के लिए महायुति सरकार एक बड़ी योजना पर काम कर रही है। इसका खुलासा राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं आवास मंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को किया। म्हाडा पुणे बोर्ड ने 3662 फ्लैटों की बिक्री के लिए कंप्यूटर लॉटरी निकाले जाने के मौके पर डीसीएम शिंदे ने कहा कि सरकार लोगों के घर के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए अगले दो वर्षों में म्हाडा के माध्यम से राज्य में लगभग एक लाख घरों का निर्माण करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य की आवास नीति भी जल्द ही घोषित की जाएगी।



### 3,662 फ्लैटों की बिक्री के लिए एक कंप्यूटर लॉटरी आयोजित

पुणे हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड (म्हाडा का एक घटक) ने सोलापुर जिले सहित पुणे, पिंपरी-चिंचवाड़ और पीएमआरडीए में विभिन्न आवास योजनाओं में 3,662 फ्लैटों की बिक्री के लिए एक कंप्यूटर लॉटरी आयोजित की थी। इसका आयोजन ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय में डीसीएम शिंदे के हाथों तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे के पालक मंत्री अजित पवार, आवास राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर, म्हाडा पुणे बोर्ड के अध्यक्ष शिवाजीराव आढलराव पाटिल म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल की उपस्थिति में किया गया।

### 8 लाख घर बनाने की योजना


उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार देशभर के चार राज्यों में ग्रोथ हब स्थापित करेगी। इनमें मुंबई महानगर क्षेत्र भी शामिल है। इसमें बड़ी संख्या में उद्योग, आईटी कंपनियां और सेवा क्षेत्र शामिल होंगे। इससे बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी तैयार होंगे। इस पृष्ठभूमि में, म्हाडा 8 लाख मकान बनाने जा रही है। इसके अलावा, नियोजित आवास निर्माण के तहत, कामकाजी महिलाओं, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न स्थानों पर किराये के घर और छात्रावास बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई शहर की भौगोलिक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए, क्लस्टर पुनर्विकास के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल आवास निर्माण पर भी जोर दिया जाएगा।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: मुंबई कोर्ट ने बिश्नोई के खिलाफ जारी किया गैर-जमानती वारंट

**धीरज सिंह | मुंबई**

मुंबई की विशेष अदालत ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह फैसला मुंबई पुलिस द्वारा दायर 4000 से अधिक पन्नों की चार्जशीट के आधार पर लिया गया, जिसमें बिश्नोई की संलिप्तता के पुख्ता सबूत पेश किए गए हैं। अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में 26 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ भी वारंट जारी



महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (MCOCA) मामलों की विशेष अदालत के जज बी डी शेल्के ने कहा कि अनमोल बिश्नोई अदालत के समन का पालन नहीं करेगा और संभवत: फरार हो चुका है। इसलिए, उसे गिरफ्तार करने के लिए स्थायी गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है। इसके अलावा, फरार आरोपियों शुभम लोणकर और मोहम्मद यासीन अख्तर के खिलाफ भी इसी तरह के वारंट जारी किए गए हैं। अदालत ने यह भी बताया कि अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका में संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है। यह अनुरोध अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर अप्रैल 2024 में हुई फायरिंग से जुड़े एक अन्य मामले में किया गया है।

# अजित कहें तो कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार: मुंडे

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

बीड सरपंच हत्याकांड इस समय महाराष्ट्र की राजनीति में सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल वाल्मीकि कराड न्यायिक हिरासत में हैं। वाल्मीकि कराड का नाम सामने आने के बाद से ही मंत्री धनंजय मुंडे विपक्षियों के निशाने पर हैं। वहीं अब मुंडे ने कहा है कि वे कैबिनेट से इस्तीफा देने को तैयार हैं।



### सुले ने मांगा धनजंय मुंडे का इस्तीफा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि बीड़ सरपंच हत्या मामले में घिरे महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की जघन्य हत्या को पचास दिन बीत चुके हैं, लेकिन करीबी सहयोगी पर सवाल उठने के बावजूद मुंडे को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से नहीं हटाया गया। मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# 'ठाणे में कमल ही खिलना चाहिए...'

## एकनाथ शिंदे के गढ़ में बोले भाजपा के मंत्री गणेश नाइक

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता गणेश नाइक ने कहा कि वह ठाणे में अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहते हैं। ठाणे उप मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। उनके इस बयान के बाद महायुति गठबंधन के दोनों दलों के बीच टकराव हो सकता है। नाइक पालघर जिले के संरक्षक मंत्री हैं। नाइक ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह ठाणे में भी जनता की समस्याओं को सुनने के लिए बैठकें करेंगे। इसके बाद से अटकलें तेज हो गईं कि भाजपा शिंदे की पार्टी की पकड़ को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। नाइक ने कहा, भाजपा शहर पर केंद्रित है। हम चाहते हैं कि ठाणे में केवल कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) ही खिले। पार्टी ने मुझे शहर की जिम्मेदारी सौंपी है।



### शिवसेना से अपने सियासी करियर की शुरुआत की थी शिंदे और नाइक ने

शिंदे और नाइक दोनों ने शिवसेना से अपने सियासी करियर की शुरुआत की थी। लेकिन नाइक बाद में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वहीं, शिंदे ने 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को चुनौती दी, जिससे शिवसेना दो भागों में बंट गई। शिंदे की पार्टी पहले ही जिले के संरक्षक मंत्री पदों के वितरण को लेकर नाराज है।

### बावनकुले ने किया नाइक का समर्थन

वहीं, महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने नाइक का समर्थन किया और कहा, शिवसेना के नेताओं को भी लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए बैठकें करनी चाहिए। सभी मंत्रियों को विभिन्न क्षेत्रों में जनता से संपर्क करना चाहिए, जिसमें अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के मंत्री भी शामिल हैं। इससे आखिरकार जनता को ही लाभ होगा।

### ठाणे में शिवसेना की पकड़ को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: शंभूराज देसाई

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना के मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा, मैं पहले ठाणे का संरक्षक मंत्री रह चुका हूं और मुझे शहर व जिले में शिंदे के नेटवर्क का पूरा पता है। ठाणे हमेशा शिवसेना का गढ़ रहेगा। भाजपा के नेताओं को अपनी पार्टी को आगे बढ़ाने का अधिकार है। लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि शिवसेना ने ऐतिहासिक रूप से जिले में पकड़ बनाई है। उन्होंने भाजपा से सीधे चुनौती की संभावना को खारिज किया और कहा, शिंदे और नाइक दोनों अपने-अपने दलों को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि वे महायुति गठबंधन का हिस्सा बने हुए हैं। स्थिति को गलत तरीके से नहीं समझना चाहिए।

# ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक

## आमदार कुमार आयलानी ने शहर के विविध विकास की रखी मांग

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

ठाणे जिला नियोजन समिति की बैठक में बुधवार को ठाणे जिले के पालक मंत्री व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में शहर के विकास कार्यों पर चर्चा हुई। इस दौरान आमदार कुमार आयलानी ने शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी और इसके लिए आवश्यक निधि की मांग की। बैठक में जिलाधिकारी अशोक शिंगारे, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र चव्हाण, आमदार संजय केलकर, कुमार आयलानी, सुलभा गायकवाड़, निरंजन डावखरे, किसन कथोरे, ज्ञानेश्वर म्हात्रे, मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मनपा की नई इमारत के लिए 200 करोड़ की निधि मंजूर


आमदार कुमार आयलानी ने शहर के रेगुलराइजेशन मुद्दे और रेडी रेकनर रेट को प्राथमिकता देने की बात की, जिस पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले को इसे शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि मनपा की जर्जर इमारत के स्थान पर नई इमारत के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की जाएगी।

### शहर के विकास की अन्य मांगें

आमदार आयलानी ने इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की, जिनमें शहर की सड़कों, एंटीलिया श्री विसर्जन घाट को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर उसके विकास के लिए निधि, मेट्रो ट्रेन मार्ग का कार्य प्रारंभ करने, 140 द.ल. लीटर पानी की आपूर्ति, मध्यवर्ती अस्पताल में ओपीडी के लिए तीन मंजिला इमारत का निर्माण, शांति नगर से साईं बाबा मंदिर तक उड़ान पुल, अस्पताल का दर्जा बढ़ाकर उसे 400 बेड का करने, और आरटीओ कार्यालय के लिए नई सुविधाओं की मांग की।

# भादौड़ स्थित कुलदैवत मंदिर में चोरी

डीबीडी संवाददाता I भिवंडी



भिवंडी के भादौड़ स्थित कुलदैवत खंडोबा मंदिर में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर में रखे कीमती सामान, जिसमें 31 हजार रुपये मूल्य की चांदी की मूर्ति, फोटोफ्रेम और चांदी की चैन आदि चुरा ली। पुलिस के अनुसार, भादौड़ स्थित मराठी स्कूल न. 51 के पास स्थित इस मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की जानकारी मिलने पर शांतिनगर पुलिस ने श्रीनाथ सीताराम पाटील (58 वर्ष) की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक चोपड़े कर रहे हैं, और पुलिस चोरी में शामिल चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# मंदिर में घुसकर 31 हजार रुपये की चोरी

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

अज्ञात व्यक्तियों ने एक मंदिर में घुसकर 31000 रुपये की चांदी की वस्तुएं चुरा लीं। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना खंडोबा मंदिर में मंगलवार को तड़के हुई। चोरों ने चांदी की मूर्ति का फ्रेम और अन्य चीजें चुला ली। मंदिर के केयरटेकर मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 5.97 लाख रुपये कीमत की 30 किलो गांजा जब्त

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



ठाणे में पुलिस ने 5.97 लाख रुपये कीमत की 30 किलो गांजा जब्त किया। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को पुलिस ने कल्याण शहर के आयरेगांव में रेलवे पटरियों पर एक व्यक्ति को छिपा हुआ पाया। चेकिंग के दौरान उसके पास से 7.06 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत 1.4 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 42 वर्षीय किरण शाह के तौर पर की गई है। मंगलवार को भी पुलिस की टीम ने दो लोगों को चोले गांव में एक मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा। उनके पास से पुलिस ने 22.88 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत 4.57 लाख रुपये बताई जा रही है। दोनों लोगों की पहचान 21 वर्षीय सचिन मोरे और 24 वर्षीय लुहार के तौर पर की गई है।

# मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे की भूख हड़ताल पांच दिन से जारी

### बिगड़ी तबीयत, इलाज लेने से इनकार

डीबीडी संवाददाता । जालना

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे की तबीयत बिगड़ रही है। अनशन के लगातार पांचवे दिन उनकी तबीयत में गिरावट नजर आई। इस दौरान मेडिकल टीम ने उनसे इलाज के लिए कहा, लेकिन जरांगे ने इससे इनकार कर दिया। मनोज जरांगे ने 25 जनवरी को भूख हड़ताल शुरू की थी। एक सितंबर 2023 के बाद यह उनकी सातवीं भूख हड़ताल है। अपनी आरक्षण मांग के अलावा जरांगे ने बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल लोगों के लिए मृत्युदंड की मांग की है। लगातार पांच दिन से जारी हड़ताल के चलते उनकी सेहत में गिरावट नजर आ रही है।



### भाजपा विधायक सुरेश धास ने जरांगे से मुलाकात की

भाजपा विधायक सुरेश धास ने बुधवार सुबह महाराष्ट्र के जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में धरना स्थल पर जरांगे से मुलाकात की और उनसे नसों के जरिए तरल पदार्थ लेने का आग्रह किया। लेकिन जरांगे ने इससे इनकार कर दिया। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुरोध पर जरांगे ने सोमवार को थोड़ा पानी लिया था। मंगलवार को भी बीड सरपंच संतोष देशमुख के परिवार के अनुरोध के बाद कार्यकर्ता पानी देने के लिए राजी हो गए।

### यह है मांग


मराठा आरक्षण कार्यकर्ता सतारा, बंबई और हैदराबाद विवरणिका के ऐतिहासिक दस्तावेजों के आधार पर मराठों के रक्त संबंधियों को कुनबी घोषित करने वाली मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग कर रहे हैं। जरांगे सभी कुनबी (कृषक) और उनके सगे सोयरे (रक्त संबंधियों) को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मराठा कार्यकर्ता ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मराठा समुदाय की मांगों पर ध्यान देंगे। पिछले साल फरवरी में राज्य विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया, जिसमें एक अलग श्रेणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया। हालांकि, जरांगे ओबीसी मद के तहत समुदाय को कोटा देने पर जोर दे रहे हैं।

### मेडिकल टीम रख रही नजर

एक मेडिकल टीम धरनास्थल पर तैनात है, जो उनका इलाज करने की इजाजत मांग रही है, लेकिन जरांगे ने किसी भी प्रकार की सहायता लेने से इनकार कर दिया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. आरएस पाटिल और एक मेडिकल टीम धरना स्थल पर मौजूद थी।

# छह दिन की बच्ची को बेचने वाले माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर



एक चौंकाने वाली घटना में, उल्हासनगर में एक छह दिन की बच्ची को उसके माता-पिता ने 90,000 रुपए में बेच दिया। इस मामले में बच्ची को ले जाने वाले दंपत्ति और उसके माता-पिता, साथ ही बिचौलिए के खिलाफ सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उल्हासनगर-4 के मराठा सेक्शन निवासी विजया गायकवाड़ ने सेंट्रल अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया था। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के कारण गायकवाड़ दंपत्ति ने अपनी बेटी को बेचने का फैसला किया। एक महिला के मदद से उन्होंने बच्ची को शेख दंपत्ति को 90,000 रुपए में बेचने का सौदा किया और छह दिन की बच्ची को शेख दंपत्ति को सौंप दिया।

### सच्चाई का खुलासा और पुलिस कार्रवाई

जब विशाल नामक व्यक्ति ने सेंट्रल अस्पताल में जाकर देखा, तो उसे पता चला कि उसकी बेटी को बेच दिया गया है। उसने अपनी मां से इस बारे में पूछा, और मां ने शेख दंपति के खिलाफ सेंट्रल स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, शेख दंपति, बहू, जेठानी और बिचौलिए की भूमिका निभाने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे द्वारा की जा रही है।

# कल्याण में प्लास्टिक थैलियों के खिलाफ महापालिका की सख्त कार्रवाई

सुशील सिंह । कल्याण




कल्याण पश्चिम स्थित रमाबाई आंबेडकर उद्यान में कल्याण डोंबिवली महापालिका की क प्रभाग द्वारा एक सख्त कार्रवाई की गई, जिसमें दो दुकानों को सील किया गया। इस कार्रवाई में सहायक आयुक्त धनंजय थोरात, अधीक्षक उमेश यमगर, स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ वड्डे, और फेरीवाला पथक के प्रमुख चिंतन, देविदास तथा गणेश दळवी शामिल थे। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर की गई थी, जिनमें आरोप लगाया गया था कि इन दुकानों में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग हो रहा था। कार्रवाई के दौरान, एक दुकान से लगभग 50 किलो प्लास्टिक की थैलियाँ जब्त की गईं। इसके बाद दुकान के मालिक योगेश घुगे पर 5,000 का जुर्माना लगाया गया। हालांकि, विक्रेता के सभी सामान वापस कर दिए गए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक हानि नहीं हुई। महापालिका का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस संदर्भ में महापालिका ने सभी सब्जी विक्रेताओं से अपील की है कि वे एकल उपयोग वाली प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करें और इसके बजाय वैकल्पिक समाधान अपनाएं। इस कार्रवाई को स्थानीय निवासियों द्वारा सराहा गया है, और उन्होंने उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार होगा। महापालिका ने यह संदेश दिया है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी मुहिम जारी रखेंगे।

# दूध व्यवसाय के विकास हेतु उठाए जाएंगे ठोस कदम: सावे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

दुग्ध व्यवसाय भारतीय कृषि क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें संग्रहण, प्रसंस्करण और बिक्री तीन प्रमुख गतिविधियाँ हैं। दूध संग्रह केंद्र इस प्रक्रिया की पहली कड़ी है और यह दूध प्रसंस्करण केंद्रों तथा उत्पादकों के बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। दूध व्यवसाय विकास मंत्री अतुल सावे ने निर्देश दिया कि दूध योजना केंद्र चालकों की मांगों के साथ-साथ व्यवसाय विकास के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं।

### बैठक में समस्याओं और समाधान पर चर्चा



मंत्रालय में बृहन्मुंबई मिल्क योजना सेंट्रल वेलफेयर एसोसिएशन और महाराष्ट्र मिल्क डिस्ट्रीब्यूटर्स आर्मी की मांगों को लेकर मंत्री अतुल सावे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दूध वितरकों, केंद्र प्रबंधकों और डेयरी कर्मचारियों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। मंत्री अतुल सावे ने कहा, ₹दूध व्यवसाय के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। सरकार इस क्षेत्र को सशक्त बनाने और इससे जुड़े लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।₹ उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि दूध उद्योग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इस बैठक में डेयरी व्यवसाय विकास विभाग के सचिव डॉ. रामास्वामी एन. और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्टेम से 4 एमएलडी पानी मिलने की मंजूरी

### ग्रामीणों को मिलेगी राहत

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका और कल्याण की सीमा पर स्थित कोनगांव में तेजी से बढ़ती शहरीकरण के कारण पीने के पानी की मांग बढ़ रही थी। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित एक बैठक में जलजीवन मिशन के तहत कोनगांव ग्राम पंचायत के लिए स्टेम प्राधिकरण द्वारा एक स्वतंत्र जल आपूर्ति योजना को मंजूरी दी गई।



### जल आपूर्ति योजना के तहत पानी की बढ़ी आपूर्ति

बैठक में स्थानीय विधायक शांताराम मोरे, शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल, कोनगांव सरपंच रेखा सदानंद पाटिल, उपसरपंच रेखा नीलेश मुकादम और ग्राम पंचायत सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक में स्टेम प्रशासन ने कोनगांव के लिए एक नई जल लाइन उपलब्ध कराने पर सहमति जताई और जल आपूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल ने इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

### आबादी में वृद्धि के साथ बढ़ी पानी की आवश्यकता

कोनगांव की आबादी अब 50 हजार से अधिक हो चुकी है, और वर्तमान में यहां कोनगांव को एमआईडीसी और स्टेम प्राधिकरण से लगभग 2 एमएलटी पानी प्राप्त हो रहा है। नए निर्णय के तहत, स्टेम से 4 एमएलडी और एमआईडीसी से 2 एमएलडी पानी मिलकर कुल 6 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

# रेलवे स्टेशन पर लावारिश अवस्था में मिली नाबालिग

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई



नवी मुंबई के रेलवे स्टेशन में एक 12 साल की लड़की लावारिश अवस्था में मिली। बाद में जांच में मालूम चला कि लड़की से दुष्कर्म किया गया है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। वाशी सरकारी रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों और लड़की के घरवालों की तलाश में जुट चुकी है। लड़की प्लेटफॉर्म में अकेली थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने लड़की से पूछताछ की। वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर राजेश शिंदे ने कहा कि लड़की ने न तो अपना नाम बताया और न ही अपने परिवार के बारे में कोई जानकारी दी। लड़की को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां मालूम चला कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता और उसके परिवार की पहचान और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश जारी है।

# राजनीतिक पक्ष प्रवेश का समाज से कोई संबंध नहीं

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

गणतंत्र दिवस के मौके पर ठाणे के घोड़बंदर परिसर में आयोजित धनगर - पाल समाज के एक कार्यक्रम में पाल समाज के कुछ लोगों द्वारा शिवसेना (शिंदे गुट) में राजनीतिक पक्ष प्रवेश किया गया, जिसे उसी के समाज के लोगों ने एकत्रित होकर इसे बेहद निंदनीय बताया और इसे व्यक्तिगत पक्ष प्रवेश बताया। साथ ही स्पष्ट कहा कि इस पक्ष प्रवेश का पाल - धनगर समाज से कुछ भी संबंध नहीं है, समाज यह स्वतंत्र है, किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा उठाने के लिए बाध्य नहीं है। जानकारी के अनुसार घोड़बंदर परिसर के आर मॉल के



निकट बीते रविवार को पाल - धनगर समाज की एक संस्था द्वारा सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सामाजिक भावना के मद्देनजर समाज के लोगों के साथ - साथ स्थानीय नागरिक कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी पहुंचे, जहां उनकी उपस्थिति में तत्काल संस्था के कुछ पदाधिकारियों ने समाज के मंच से शिवसेना में पक्ष प्रवेश किया और मंच से बताया गया कि पाल - धनगर समाज शिवसेना शिंदे के साथ है, जबकि पक्ष प्रवेश की जानकारी वहां उपस्थित समाज के किसी भी व्यक्ति को नहीं थी। कार्यक्रम खत्म होने के बाद पाल - धनगर समाज के लोगों ने इस रवैए पर बेहद नाराजगी जताई। कार्यक्रम के अगले दिन इस नाराजगी को लेकर पाल समाज के सैकड़ों लोग उसी कार्यक्रम स्थान पर इकट्ठा हुए और इसका विरोध जताया । वहां उपस्थित पाल समाज के लोगों का कहना है कि समाज की भावना से खिलवाड़ करते हुए बिना किसी को बताए समाज के कार्यक्रम में समाज के मंच से राजनीतिक पक्ष प्रवेश करना बेहद निंदनीय है। समाज का कार्यक्रम बताकर सभी को बुलाया गया था, ना कि राजनीतिक प्रवेश और वहां इस तरह समाज का दुरुपयोग करना बेहद निंदनीय है। समाज में विभिन्न विचारधारा के लोग है। यह स्वाभिमानी समाज है । समाज किसी व्यक्तिगत पार्टी का कभी नहीं रहा और ना ही होगा। मंच से वहां उपस्थित लोगों के साथ - साथ राज्य के उपमुख्यमंत्री को गुमराह कर राजनीतिक पक्ष प्रवेश का धनगर - पाल समाज से तनिक भी संबंध नहीं। यह समाज सिर्फ और सिर्फ पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर के सिद्धांतो और नक्शे कदम पर चलने वाला समाज है। इसका किसी भी राजनीतिक पार्टी से कोई संबंध नहीं।

# मदरसे में 10 वर्षीय लड़के के साथ यौन उत्पीड़न

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने बेंगलुरु के एक मदरसे में पढ़ने वाले 10 वर्षीय लड़के का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित का परिवार ठाणे शहर के शील-फाटा इलाके का रहने वाला है, इसलिए उन्होंने यहां पुलिस से संपर्क किया, जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को मामला दर्ज किया। पीड़ित ने अगस्त 2024 से जनवरी 2025 के बीच बेंगलुरु स्थित मदरसे में पढ़ाई की थी। शील-दईगढ़ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी पीड़ित को अतिथि कक्ष में बुलाता था, जहां उसने कई मौकों पर लड़के का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर पीड़ित और उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में लड़के ने अपनी आपबीती अपने माता-पिता को बताई।

# कोनगांव में 24 करोड़ की लागत से खाड़ी तटीय बाढ़ बांध का निर्माण शुरू

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने भिवंडी कल्याण सीमा पर स्थित कोनगांव में खाड़ी तट पर 24 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ निरोधक तटबंध के निर्माण के उद्घाटन के दौरान कहा कि गांव के विकास के लिए राजनीति से परे हटकर काम करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में इस गांव के लिए करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए थे और भले ही वह अब पद पर नहीं हैं, लेकिन गांव के विकास के लिए वह हमेशा सहयोग देने के लिए तैयार हैं।



### कोनगांव के विकास के लिए ठोस कदम

कपिल पाटिल ने बताया कि कोनगांव में खाड़ी तट पर अवैध रेती खनन के कारण व्यापक कटाव हुआ था, जिसके चलते खाड़ी बेसिन का पानी कृषि क्षेत्र में प्रवेश कर गया था और कृषि को नुकसान हुआ था। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने 23 करोड़ 39 लाख रुपये मंजूर कराए, जिनसे पीडब्ल्यूडी विभाग के बंदरगाह विभाग द्वारा बाढ़ निरोधक तटबंध का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत को क्रीक उद्यान के निर्माण के लिए पहल करने की सलाह दी और कहा कि गांव के डेवलपर्स की मदद से पार्क का निर्माण किया जाना चाहिए।

# 'बोर्ड परीक्षाओं में बुर्का पहनने पर लगे रोक'

## बीजेपी नेता नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में एक बार फिर बुर्का पर विवाद खड़ा हो गया है। बुधवार (29 जनवरी) को भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों में छात्रों को बुर्का पहनकर प्रवेश करने पर रोक लगाने की मांग की। इसके लिए उन्होंने शिक्षा मंत्री दादा भुसे को पत्र लिखा है। नितेश राणे आरोप लगाया कि परीक्षा केंद्रों पर बुरका पहनने के कारण नकल की घटनाएं बढ़ रही हैं। 9 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के एक कॉलेज के फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसमें हिजाब, बुर्का, नकाब और टोपी पर प्रतिबंध लगाया गया था।



### 'तुष्टिकरण की राजनीति बर्दाश्त नहीं'

नितेश राणे ने कहा, 'हमारी सरकार तुष्टिकरण की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगी। हिंदू छात्रों पर जो नियम लागू होते हैं, वही मुस्लिम छात्रों पर भी लागू होने चाहिए। जो लोग बुर्का या हिजाब पहनना चाहते हैं, वे इसे अपने घर में पहन सकते हैं, लेकिन परीक्षा केंद्र में सभी छात्रों को एक समान नियमों का पालन करना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को दी लापरवाही के खिलाफ सुधारात्मक कदम उठाने की सलाह

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (सीएसटी) पर कैटरिंग स्टॉल के प्रबंधन में हुई लापरवाही को लेकर रेलवे को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने आईआरसीटीसी की प्रशासनिक लापरवाही का हवाला देते हुए कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा दाखिल रिपोर्ट में विभाग के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही का उल्लेख किया गया है।



### 'तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए रेलवे'

कोर्ट ने कहा कि रेलवे प्रशासन को सीवीसी की रिपोर्ट की जांच करनी चाहिए और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए इसे संबंधित अधिकारियों के पास भेजना चाहिए। रेलवे को एक महीने से तीन महीने के भीतर यह कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने 21 जनवरी को यह कहा कि रेलवे को सीवीसी की रिपोर्ट को लागू करना चाहिए, हालांकि सीवीसी ने अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश नहीं की।

### सामान्य अनियमितताओं की पुष्टि

यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई द्वारा दायर किया गया था। 3 जनवरी 2017 को हाईकोर्ट ने आरटीआई कार्यकर्ता अजय बी. बोस की शिकायत पर विशेष जज द्वारा दिए गए आदेश को खारिज कर दिया था। बोस ने आरोप लगाया था कि रेलवे के सात अधिकारियों ने धोखाधड़ी की और करोड़ों रुपये की चोरी की, जिससे सरकार को भारी नुकसान हुआ। उनका कहना था कि इन अधिकारियों ने बिक्री मूल्य को कम करके रेलवे को कम पैसे जमा कराए और अधिक पैसे लिए, साथ ही बिना वैध लाइसेंस के स्टॉल चलाए, जो रेलवे कैटरिंग नीति का उल्लंघन था। विशेष जज ने सीबीआई को मामले की जांच का आदेश दिया था। बोस के वकील आकाश वशिष्ठ ने सीवीसी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में रेलवे अधिकारियों के कामकाज में व्यापक अनियमितताओं का उल्लेख है, जो इस मामले को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं।

# लापता शिवसेना पदाधिकारी की तलाश तेज

- आठ पुलिस टीमों का गठन
- संपति विवाद से जुड़ा हो सकता है मामला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पदाधिकारी अशोक ढोडी के लापता होने के बाद महाराष्ट्र सरकार एक्शन में आती हुई नजर आ रही है। जहां ढोडी की तालाश के लिए राज्य सरकार ने आठ पुलिस टीमों का गठन किया है। बता दें कि अशोक ढोडी एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दहानू विधानसभा क्षेत्र के सलाहकार थे जो 20 जनवरी को लापता हो गए थे। अब तक पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है और उन पर कार्रवाई की जा रही है।



### पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

लापता अशोक ढोडी के मामले में प्रेस वार्ता के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने कहा कि हमने मामले के संबंध में अपने संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनमें से तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस आज शाम तक मामले को सुलझाने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा हमने मामले पर काम करने के लिए स्थानीय अपराध शाखा सहित आठ टीमों का गठन किया है।

### परिवार से जुड़ा संपत्ति विवाद हो सकता है कारण

पाटिल ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए संदिग्धों से मिली खुफिया सूचनाओं, तकनीकी आंकड़ों और सूचनाओं पर भरोसा कर रही है। हालांकि एक आरोपी के पुलिस हिरासत से भागने के बाद थोड़ी मुश्किलें सामने आई है और इसका प्रभाव जिससे जांच पर भी पड़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि धोडी के लापता होने का कारण उसके परिवार में संपत्ति से जुड़ा विवाद हो सकता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ढोडी को आखिरी बार 20 जनवरी को दहानू जाते समय देखा गया था और वह शाम को वापस भी लौटे थे, लेकिन फिर अचानक गायब हो गए। पुलिस मोबाइल ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी तरीके से मामले की जांच कर रही है और संदिग्धों से मिली जानकारी पर भी काम कर रही है। ढोडी की पत्नी ने कुछ लोगों पर संदेह जताया था, जिसके बाद घोलवाड़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

# धनंजय मुंडे के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य के कैबिनेट मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजीत गुट के नेता धनंजय मुंडे के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। इस याचिका में मुंडे के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू करने की मांग की गई है, साथ ही बीड जिले के सरपंच संजय देशमुख की हत्या मामले की अदालत द्वारा निगरानी की भी अपील की गई है।



### मुंडे और कराड के रिश्ते की जांच

याचिका में यह भी दावा किया गया है कि मुंडे और बीड के परली विधानसभा क्षेत्र से गिरफ्तार आरोपी वाल्मिक कराड के बीच संबंध हैं। दोनों लोग कुछ कंपनियों में सह-निदेशक हैं, और उनके बीच हुए वित्तीय लेनदेन की भी जांच की जानी चाहिए। याचिका में मुंडे पर विपक्ष द्वारा हमले किए जाने की बात भी कही गई है।

### संजय देशमुख की हत्या और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

सामाजिक कार्यकर्ता केतन तिरोडकर द्वारा दायर की गई इस याचिका में संजय देशमुख की हत्या से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका जताई गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि मुंडे ने अपने हलफनामे में कई कंपनियों के निदेशक होने का खुलासा नहीं किया, जो कि चुनाव आयोग द्वारा जांचे जाने योग्य है। बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संजय देशमुख की पिछले साल 9 दिसंबर को अपहरण और प्रताड़ना के बाद हत्या कर दी गई थी, क्योंकि उन्होंने एक पवनचक्की परियोजना से जुड़ी ऊर्जा कंपनी के खिलाफ जबरन वसूली को रोकने की कोशिश की थी।

### अदालत से जांच की अपील

इस मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत से यह भी आग्रह किया कि मुंडे के खिलाफ जांच और चुनाव हलफनामे की जांच के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएं, ताकि मामले की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। धनंजय मुंडे के खिलाफ यह याचिका राजनीतिक और कानूनी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है, और आने वाले दिनों में इस मामले की गूंज सियासी हलकों में सुनाई दे सकती है।

# करीब एक दर्जन अधिकारियों को मंत्रालय में नहीं रखना चाहते हैं मुख्यमंत्री फडणवीस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा शपथ लेने के डेढ़ महीने बाद भी मंत्रियों को अभी तक उनका पूरा स्टाफ नहीं मिल पाया है। दरअसल इसके पीछे की वजह अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से हरी झंडी नहीं मिलना बताई जा रही है। जिसकी वजह से अभी भी कई मंत्री अपने निजी सचिव, विशेष कार्य अधिकारी और निजी सहायक नियुक्त नहीं कर सके हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि मंत्रियों ने सामान्य प्रशासन विभाग को जिन कर्मचारियों के नाम अपने-अपने विभागों में लेने के लिए भेजे हैं, उन्हें मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा गया है।



### मंत्री के कार्यालय में हो सकते हैं 16 लोग नियुक्त

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार एक मंत्री के कार्यालय में सिर्फ 16 लोगों को नियुक्त किया जा सकता है। जिसमें एक निजी सचिव, तीन विशेष कार्य अधिकारी, दो टाइपिस्ट सह क्लर्क, 6 कार्यालय सहायक, एक ड्राइवर और चपरासी शामिल हैं।


### मुख्यमंत्री कार्यालय का मंत्रियों के निजी सहायक और अधिकारियों की नियुक्ति में दखल

सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यालय मंत्रियों के निजी सहायक और अधिकारियों की नियुक्ति में इसलिए दखल दे रहा है, क्योंकि ऐसे करीब एक दर्जन अधिकारियों को मुख्यमंत्री फडणवीस मंत्रालय में नहीं देखना चाहते हैं। हालांकि मंत्रियों के स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने के चलते उनके विभागों के कार्य भी पिछड़ते जा रहे हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'दैनिक भास्कर' को बताया कि एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान कुछ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और अन्य गड़बड़ी की शिकायतें मिली थी, लेकिन उस समय ऐसे अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। हालांकि उस समय इसकी जानकारी तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को थी। इसके बाद अब मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस ने ऐसे एक दर्जन से ज्यादा अधिकारियों को मंत्रालय में नहीं रखने का फैसला किया है। ऐसे अधिकारियों के नाम सार्वजनिक नहीं ही किए गए हैं, लेकिन उनकी सूची मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के पास है। सूत्रों का कहना है कि जिन मंत्रियों के स्टाफ रखने पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है वे शिंदे और अजित गुट के हैं। जबकि भाजपा के ज्यादातर मंत्रियों के स्टाफ को हरी झंडी मिल चुकी है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि दरअसल फडणवीस नहीं चाहते हैं कि उनकी कैबिनेट के सहयोगी के कार्यालय में किसी दागी अधिकारी की नियुक्ति हो। इसके अलावा ऐसे अधिकारी भी नियुक्त न हो सकें जिनके विपक्ष के नेताओं के साथ संबंध जग जाहिर हैं।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने गर्भपात के अनुरोध वाली महिला को मध्यस्थता के लिए भेजा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने पति से विवाद के कारण गर्भपात का अनुरोध करने वाली महिला को मध्यस्थता के लिए भेजने का आदेश दिया है। अदालत ने दंपति को सलाह दी कि वे अपने विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास करें, इससे पहले कि वे महिला के गर्भपात के आवेदन पर कोई फैसला लें।



### मामले की सुनवाई और अदालत का निर्देश

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति प्रवीण पाटील की पीठ ने महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दंपति के बीच विवाद बड़ा नहीं है और इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जा सकता है। अदालत ने दोनों पक्षों को पुणे मजिस्ट्रेट कोर्ट परिसर में तीन दिनों के लिए मिलने और अपने मुद्दों को सुलझाने का निर्देश दिया।

# महाराष्ट्र का खाद्यान्न वितरण का लक्ष्य 8 करोड़ 20 लाख करे केंद्र: मुंडे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से राज्य का खाद्यान्न वितरण का लक्ष्य 7 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ 20 लाख करने की मांग की है। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने बुधवार को यहां केंद्रीय खाद्य एवं जनवितरण प्रणाली मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर राज्य का खाद्यान्न वितरण कोटा बढ़ाने की मांग की। मुंडे ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य एवं जन वितरण प्रणाली मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर हुई मुलाकात में कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत महाराष्ट्र में खाद्यान्न वितरण के लिए उस वक्त की जनसंख्या के आधार पर 7 करोड़ 16 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

# भांडुप के प्रसूति गृह में ऑपरेशन के दौरान गर्भवती महिला की मौत

- हाई कोर्ट ने समिति गठित करने का दिया आदेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भांडुप के सुषमा स्वराज प्रसूति गृह में ऑपरेशन के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत के मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के सभी 30 प्रसूति गृहों की स्थिति की जांच के लिए 8 डॉक्टरों की एक समिति के गठन का निर्देश दिया है।



### याचिका पर सुनवाई

यह मामला उस समय सामने आया जब मृत महिला के पति खुशरुद्दीन अंसारी ने याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील गायत्री सिंह ने बीएमसी के 30 प्रसूति गृहों की खराब हालत की जांच के लिए समिति गठन का सुझाव दिया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। इस समिति में 8 डॉक्टर होंगे, जिनमें से छह सदस्य याचिकाकर्ता की सिफारिशों पर नियुक्त किए जाएंगे।

### डॉक्टरों की समिति

समिति में शामिल डॉक्टरों में केईएम अस्पताल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. कामई भाटे, स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मजा, डॉ. रीना वाणी, स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष ब्रिनेल डिसूजा, अखिल भारतीय जनवती महिला संगठन की उपाध्यक्ष सोन्या गिल और वकील संगीता रेगे प्रमुख हैं।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र क्रमांक 4**

**निविदा क्रमांक:** 50243102 **विभाग / रेलवे:** स्टोर / मध्य रेलवे निविदा समापन: 27.01.2025 **निविदा शीर्षक:** हरे पहलू के लिए मुख्य रंग लाइट सिग्नल के लिए एलईडी सिग्नल लैंप. **संशोधन. ईएमडी. निविदा क्रमांक:** 50243102. **नियत तारीख:** 27-01-2025. **मौजूदा खंड संख्या 23.3:** सावधि जमा रसीदें, कॉल जमा रसीदें, भुगतान आदेश, आरबीआई द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंकों/एसबीआई/भारत के अनुसूचित बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट, **पीसीएमएम**, मध्य रेलवे, मुंबई सीएसएमटी के पक्ष में या किसी भी राष्ट्रीयकृत वैंक/एसबीआई/अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए। अनुबंध 4 के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में बैंक । **संशोधित:** सावधि जमा रसीदें, कॉल जमा रसीदें, भुगतान आदेश, आरबीआई द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंको/एसबीआई/भारत के अनुसूचित बैंको के डिमांड ड्राफ्ट, **पीएफए**, मध्य रेलवे, मुंबई सीएसएमटी के पक्ष में या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/एसबीआई/अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए। अनुबंध 4 के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में बैंक ।

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक** 737

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र क्रमांक 1**

**निविदा क्रमांक : 71245088**

**विभाग/रेलवे** : स्टोर/मध्य रेलवे **निविदा समापन**: 03.02.2025 **निविदा शीर्षक** : डॉ. बी.ए.एम. अस्पताल भायखला, मुंबई – 400027, मध्य रेल्वे के आर्थोपेडिक विभाग के लिए इंट्राऑपरेटिव सिटी स्कैन सिस्टम की खरीद। **निविदा क्रमांक** : 71245088 **नियत तारीख** : 03.02.2025 **मौजूदा खंड संख्या 23.3** : सावधि जमा रसीदें, कॉल जमा रसीदें, भुगतान आदेश, आरबीआई द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंकों / एसबीआई/भारत के अनुसूचित बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट, **पीसीएमएम**, मध्य रेलवे, मुंबई सीएसएमटी के पक्ष में या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक / एसबीआई अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए। अनुबंध 4 के अनुसार निर्धारित प्रपक्ष में बैंक। **संशोधित** : सावधि जमा रसीदें, कॉल जमा रसीदें, भुगतान आदेश, आरबीआई द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीयकृत बैंकों/एसबीआई/भारत के अनुसूचित बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट, **पीएफए**, मध्य रेलवे, मुंबई सीएसएमटी के पक्ष में या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक / एसबीआई अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए। अनुबंध 4 के अनुसार निर्धारित प्रपक्ष में बैंक।

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक** 734

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेलवे**

**भुसावल डिवीजन**

**ई-नीलामी सूचना**

भुसावल डिवीजन मध्य रेलवे ने ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से www.ireps.gov.in पर नीचे दी गई संपत्तियों को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी से पहले साइट पर पंजीकरण करें और सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित ई-नीलामी से संबंधित सभी विवरण जानने के लिए www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाएँ:

| श्रेणी | कैटलॉग संख्या | परिसंपत्ति विवरण | नीलामी तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| विविध-स्थैतिक सेवाएँ | BSL-MSS-PS-25-1 | भुसावल, जलगाँव, खंडवा, अकोला और मनमाड में पार्सल और लगेज स्कैनर का प्रावधान, भुसावल डिवीजन में पार्सल कार्यालय | 31-01-2025 11:00:00 AM |
| भुगतान करें और उपयोग करें | BSL-LWR-NK-25-2 | नासिक रोड रेलवे स्टेशन पर महिला प्रतीक्षालय का विकास, उन्नयन, संचालन और प्रबंधन। अनुबंध शर्त-विशिष्ट है, कृपया नीलामी में भाग लेने से पहले लॉट से जुड़ी विशेष शर्तों को पढ़ें। | 10-02-2025 11:00:00 AM |
| भुगतान करें और उपयोग करें | BSL-Lug-NK-25-1 | आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल जैसी सुविधाओं के साथ AC वेटिंग लाउंज (गोदावरी लाउंज) के उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के लिए अनुबंध। नासिक रोड रेलवे स्टेशन पर पर्यटक कियोस्क और कैफेटेरिया। | 08-02-2025 11:00:00 AM |
| विज्ञापन | BSL-GLOW-25-1 | विज्ञापन का अनुबंधः-अकोला, अमरावती, मनमाड, भुसावल और जलगांव में ग्लो साइन बोर्ड (स्टेशन के अंदर) के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन, जिसमें 70% क्षेत्र चित्रों के लिए (रेलवे विवेकाधिकार) और 30% स्थान वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए होगा। | 07-02-2025 11:00:00 AM |
| विज्ञापन | BSL-RD-NDG-25-3 | निफाड़, रावेर, नंदगांव, पचोरा और धुले में सार्वजनिक घोषणा प्रणाली के माध्यम से ऑडियो विज्ञापन के लिए अनुबंध। | 11-02-2025 11:00:00 AM |
| PMBJK | BSL-PMB-JK-2-25 | यह अनुबंध भुसावल डिवीजन के मनमाड रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के लिए तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए है। | 18-02-2025 11:00:00 AM |
| विविध-स्थैतिक सेवाएँ | BSL-MS-TWPNK-25 | नासिक और देवलाली पार्सल कार्यालय में पार्सल / सामान में बुक किए जाने वाले दो पहिया वाहनों की पैकिंग। | 12-02-2025 11:00:00 AM |

विषयगत निविदा के संबंध में यदि कोई अतिरिक्त परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, समय विस्तार, स्पष्टीकरण आदि होगा तो उसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। बोलीदाताओं को खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहना चाहिए।

**डीआरएम (सी), भुसावल** 1

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे**

**लिफ्ट के लिए केबल का प्रावधान**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या: ईएल-81-1-डब्ल्यूए-61, दिनांक 27.01.2025** आमंत्रित करते हैं. **कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन लिफ्ट के लिए केबल का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत: 4,61,100/- ईएमडी: 9,200/- जमा करने की तिथि और समय:** 28.02.2025, 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि और समय:** 28.02.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ. **1022**

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एमसीबी वितरण का प्रावधान**

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **निविदा सूचना संख्या: ईएल-81-1-डब्ल्यूए-59, दिनांक 27.01.2025** आमंत्रित करते हैं. **कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजन -लिफ्टों के लिए एमसीबी वितरण बोर्ड का प्रावधान. कार्य की **अनुमानित लागत: 3,09,220. ईएमडी: 6,200/-. जमा करने की तिथि और समय:** 28.02.2025, 15:00 बजे तक. खोलने की तिथि और समय: 28.02.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ. **1020**

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सीवरेज संचालन विभाग**

**का.अ. मा.(य)शहर /2 3198/ लव ग्रोव**

**दिनांक-29/01/2025 VID-241017811**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त नीचे दिखाए गए कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं:

| क्रमांक | कार्य का विवरण | ई.एम.डी. रुपये में | निविदा संदर्भ संख्या | देय तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएफ रोड और किटरिज रोड पंपिंग स्टेशन पर सहयोगी कार्य के साथ-साथ विभिन्न वाल्वों की ओवरहालिंग और नवीनीकरण। | रु.11,000/- | 2025_MCGM_1143045_1 | 04.02.2025 |
| 2 | किटरिज रोड पंपिंग में संबद्ध कार्यों के साथ-साथ ऑटोमेशन सिस्टम का नवीनीकरण और मरम्मत स्टेशन. | रु.11,000/- | 2025_MCGM_1143049_1 | 04.02.2025 |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर लॉग ऑन करें: https://mahatenders.gov.in/nicgep/app

हस्ता./
कार्यकारी अभियंता यांत्रिक (सीव.) सिटी-II

पीआरओ/ 2378/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# जलवायु संकट में बच्चे

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए। निस्संदेह, परीक्षा परिणाम प्रभावित होने से बच्चों के भविष्य पर इसका प्रतिकूल असर दीर्घकालिक हो सकता है।

# दुनिया की दुखती रग पर चोट दी ट्रंप ने



दिनेश सी. शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति का ओहदा संभालते ही डोनाल्ड ट्रंप ने जिन कार्यकारी आदेशों पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए उनमें एक है विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका का हटना। आदेश में दलील दी गई है कि यह निर्णय 'चीन के वुहान से शुरू हुई कोविड महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों को ठीक से न संभाल पाना, फौरी तौर पर जिन सुधारों की जरूरत थी उन्हें करने में विफलता और संगठन के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से खुद को मुक्त रख पाने में इसकी 'अक्षमता' के बाद लिया गया है।' आदेश में कहा गया है कि अमेरिका चीन जैसे देशों की तुलना में विश्व स्वास्थ्य संगठन को 'कहीं अधिक' सहायता दे रहा है– चीन की आबादी 1.4 बिलियन है, लेकिन वह बहुत कम राशि का योगदान करता है। ट्रंप के इस फैसले में न केवल अमेरिका बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा पर दूरगामी प्रभाव निहितार्थ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रति ऐसी हेठी उनके पहले कार्यकाल के दौरान में भी स्पष्ट थी, जब दुनिया कोविड महामारी की मार से जूझ रही थी। स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए उन्होंने इस स्वास्थ्य एजेंसी को सीधे तौर पर दोषी ठहराया था। ट्रम्प ने इसको दिए जाने वाले अमेरिका के अंशदान को ऐसे वक्त पर रोक दिया था जब वह सदी के सबसे बुरे वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल से जूझ रहा था। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका की अंतिम वापसी की प्रक्रिया शुरू कर भी दी थी, लेकिन ऐसा होने से पहले, वे चुनाव हारकर सत्ता से बाहर हो गए थे। उनके बाद आए जो बाइडेन ने उक्त आदेश को उलट दिया और डब्ल्यूएचओ को अमेरिका का वित्तीय अंशदान बहाल कर दिया था। अब नए जारी किए गए कार्यकारी आदेश का मतलब है कि अमेरिका एक साल के भीतर संगठन को अपनी वित्तीय सहायता बंद कर देगा। वर्तमान में, डब्ल्यूएचओ के कुल वित्त पोषण में अमेरिका का अंशदान लगभग 18 फीसदी है। दो साल (2024 और 2025) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का बजट 6.8 बिलियन डॉलर है। डब्ल्यूएचओ का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, स्वास्थ्य और बीमारियों के महत्वपूर्ण मामलों से निपटने के मंतव्य से एक विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के रूप में किया गया था। इसे वैज्ञानिकों, चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य नीति निर्माताओं के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क युक्त एक तकनीकी एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके मुख्य कार्यों में एक है नए पैदा हो रहे संक्रमणों पर निगरानी एवं सूचना साझा करना। दशकों से, इस एजेंसी के काम ने चेचक, यॉस, पीला बुखार, कुष्ठ रोग और पोलियो जैसी बीमारियों के उन्मूलन और नियंत्रण में मदद की है। यूएन एड्स नामक एक नई एजेंसी के माध्यम से इसकी एचआईवी/एड्स पर की वैश्विक कार्रवाई भी उल्लेखनीय रही। अब, इसका ध्यान तपेदिक उन्मूलन पर है। वर्ष 2000 से नए संक्रमणों के उभरने और पुराने संक्रमण- जैसे कि सार्स, बर्ड फ्लू, एमईआरएस, इबोला, एमपॉक्स और कोविड 19 के लिए उभरने से एजेंसी का काम अधिक ध्यान खींच रहा है। एक वैश्वीकृत, एक-दूसरे से बहुत अधिक जुड़े एवं परस्पर निर्भरता वाले विश्व में, स्वास्थ्य सुरक्षा सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था के साथ जुड़ी हुई है। डब्ल्यूएचओ से हटने का फैसला वैश्विक समुदाय के अलावा खुद अमेरिका के लिए भी बुरा रहेगा। यह अमेरिका की दवा निर्माता कंपनियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी, इनफ्लुएंज़ा तंत्र से मिलने वाले रोग के प्रकोप और स्वास्थ्य आपात स्थिति संबंधी महत्वपूर्ण डेटा से वंचित कर देगा। यह निर्णय आगे वैश्विक महामारी संधि और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन जैसे अन्य तंत्रों में चल रही वार्ताओं से अमेरिका के हटने की राह खोलेगा। डब्ल्यूएचओ के साथ काम कर रहे दर्जनों अमेरिकी विशेषज्ञों को भी वापस बुलाकर अन्यत्र नियुक्त किया जाएगा। दो अमेरिकी संस्थान- सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ- महत्वपूर्ण मुद्दों पर डब्ल्यूएचओ के साथ काफी गहरे तक जुड़े हैं। ऐसी साझेदारियों का खत्म होना परस्पर हानिकारक रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए, अपने सबसे बड़े दानदाता का चले जाना एक गंभीर झटका है, वह भी ऐसे समय में जब अन्य देशों का योगदान पहले से ही कम होता जा रहा है। अमेरिका के बाद, अगला सबसे बड़ा दानदाता देश जर्मनी है, जिसका एजेंसी के वित्त पोषण में योगदान लगभग 3 प्रतिशत है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, डब्ल्यूएचओ को कुछ गैर-राजकीय दानदाताओं से मिलने वाले धन में काफी वृद्धि हुई है। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन इस सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद नंबर आता है यूरोपियन आयोग और विश्व बैंक का। गेट्स फाउंडेशन पोलियो उन्मूलन और टीकों जैसे क्षेत्रों में काम में मदद कर रहा है। यदि अमेरिका द्वारा वित्तीय मदद बंद करने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन को मिलने वाला राष्ट्रीय वित्त पोषण नहीं बढ़ता, तो इसकी निर्भरता गेट्स जैसे निजी दानदाताओं पर बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के स्वतंत्र कामकाज के लिए यह स्थिति अच्छी नहीं होगी। आलोचकों का मानना है कि निजी वित्त पोषण के साथ कुछ शर्तें जुड़ी होती हैं, जो बदले में वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडे को प्रभावित कर सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कामकाज को और अधिक कुशल, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए इसमें सुधार की मांग करना जायज है। महामारी के मद्देनजर, भारत ने भी 2020 में जी-20 और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाया था। भारत का सुझाव है कि डब्ल्यूएचओ को कोविड-19 जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित करने के लिए वस्तुनिष्ठ मानदंड और मापदंड तैयार करने चाहिए। अन्य देशों ने भी इसी प्रकार की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र निकाय होने के नाते, डब्ल्यूएचओ आलोचना के लिए खुला है और सुधारों के विचार को आगे बढ़ाने के लिए मंच मौजूद हैं, लेकिन इसे भंग करना या इसे फंड से वंचित करना समाधान नहीं है। वहीं सुधार संबंधी मांग का जवाब देते हुए, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि उसने अपने इतिहास में सुधारों का सबसे बड़ा सेट लागू किया है, जिसमें 'जवाबदेही, लागत-प्रभावशीलता और देशों में प्रभाव' शामिल हैं।

जीवन मंत्र

# धीरे-धीरे निर्विचारिता में जाइए

मन की अनेक बीमारियां होती है। उधर जरा सा चित्त रखो। निर्विचार में रहो। एक छोटी सी चीज़ करने से ही आपका जो स्वयं, हृदय में बैठा हुआ स्व है, उसका प्रकाश फैलना शुरू होगा और वही प्रकाश है जो आपके अंदर वाइब्रेशन्स की तरह बह रहा है।

मुझे इतना आश्चर्य होता है कि कम से कम मेरे पैर पर तो विचार छोड़ दो। वहां पर भी उनका चलता रहता है विचार। मैं कोशिश कर रही हूं। हाथ-पैर चला रही हूं, तांडव नृत्य हो रहा है और ये लोग इधर विचार ही कर रहे हैं। कम से कम मेंरे पैर में विचार छोड़ना आना चाहिये। फिर धीरे-धीरे ये आदत बनते जायेगी। निर्विचारिता की। बसू एक छोटी सी चीज़ है, कि निर्विचार में रहना सीखो। कोई भी आपका प्रश्न हो निर्विचार में रहो। ऐसे मैं आपको सुझाव देती रहती हूं। आपका ये चक्र क्यों पकड़ता है, वो क्यों पकड़ता है। छोटी छोटी बातें हैं उसको समझ लेना चाहिए। आपका शरीर ठीक रखो, मन ठीक रखो। मन की भी बहत सारी बीमारियां होती है। औरतों को बीमारी होती है कि आदमियों के पीछे मैं मरू, खास कर के। आदमियों को और बीमारियां होती है। मन की अनेक बीमारियां होती है। उधर जरा सा चित्त रखो। निर्विचार में रहो। एक छोटी सी चीज़ करने से ही आपका जो स्वयं, हृदय में बैठा हुआ स्व है, उसका प्रकाश फैलना शुरू होगा और वही प्रकाश है जो आपके अन्दर वाइब्रेशन्स की तरह बह रहा है। ये आपके अन्दर बसा हुआ परमात्मा का जो अंश है, स्व, सेल्फ, उसका प्रकाश सारे संसार में जाता है और लौट के आपके पास आ जाता है पॅराबोली में। अनेक उसकी लहरें चलती हैं। गोल गोल घूम कर के आपके में जो आ जाता है। अपनी जो बाती है उसे ठीक रखो। आपका शरीर ठीक रखो, हृदय आपका दीप है। आपकी जो शक्ति है तेल दीमागी जमाखर्च जो है उसमें खर्च न करो। लौ को सीधे लगाओ। ये लौ का उपर का हिस्सा है, उसको मां से चिपका लो। उसके पैर में बांध दो। सीधी उठेगी लौ। निर्विचारता में निर्भीकता से जलती है। और ऐसा आदमी कहीं खड़ा होगा तो उसकी तेजस्विता को देख कर लोग कहेंगे कि, 'भाई, तुम्हारे कौन हैं? ये तुमने किससे पाया है?' यही सहजयोग के लिए आप लोगों को करना है। जहां तक हो सके गुरु निर्विचार रहें। हम तो धक्का दे ही रहे हैं कुण्डलिनी को। आपको भी वहां रखने की कोशिश कर रहे हैं। आप भी जरा कोशिश करें। कोई विचार नहीं आना है और अपना माथा किसी के आगे मत झुकाना। याद रखना, किसी के आगे जा कर माथा नहीं झुकाना है। कोई भी हो। बहुत से लोग सहजयोगी, सहजयोगी कह के माथा झुकाते हैं। मैंने देखा है। ये सब फालतू की बातें करने की जरूरत नहीं। मूर्तियों में भी देख के जिसके वाइब्रेशन्स ठीक है, तो ठीक है। मूर्तियों से आप बहुत बड़ी मूर्तियां हैं।

आप स्वयं एक मंदिर हैं। क्या वो मूर्ति थोड़ी आपके वाइब्रेशन्स जानती है! वो तो उसमें से वाइब्रेशन्स बस आ ही रहे हैं, बस और क्या हो रहा है। आप तो अपने हाथ भी चला सकते हैं। दूसरों को आप जागृति दे सकते हैं। किसी के चक्र खराब हो उसको आप ठीक कर सकते हैं।


जीवन ऊर्जा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी : निधन-30 जनवरी 1948

अवसान

# बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो

देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबन्दर में एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता करमचन्द गांधी ब्रिटिश हुकूमत के समय राजकोट के 'दीवान' थे। उनकी माता का नाम पुतलीबाई था जो कि धार्मिक विचारों वाली एक कर्तव्यपरायण महिला थी। नाथूराम गोडसे और उनके सहयोगी गोपालदास ने 30 जनवरी 1948 को बिरला हाउस में गांधी जी की गोली मारकर हत्या कर दी।



अपने विचारों को स्वतंत्र बनाने के लिए आजादी चाहता हूं। ताकत कभी शारीरिक क्षमता से नहीं आती, ताकत हमेशा आपकी अदम्य इच्छाशक्ति से आती है। पहले वो आप पर ध्यान नहीं देंगे, फिर वे आप पर हसेंगे, फिर वो आपसे लड़ेंगे और तब आप जित जाएंगे। यदि मनुष्य सीखना चाहे तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है। आप आज जो करते हैं, उस पर भविष्य निर्भर करता है। जिज्ञासा के बिना ज्ञान नहीं होता। दुःख के बिना सुख नहीं होता। अगर आप कुछ नहीं करोगे तो आपके पास कोई परिणाम नहीं होगा।

जब भी आपका विरोधियों के साथ सामना हो, तब अपने प्यार से उन्हें परास्त कीजिए। गरीबी दैवीय अभिशाप नहीं,बल्कि मानवरचित षड्यंत्र है। जब गलती करने का स्वातंत्र न हो, तब उस स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं। हर रात, मैं जब सोने जाता हूं, तब मैं मर जाता हूं और अगली सुबह, जब मैं उठता हूं, तब मेरा पुनर्जन्म होता हैं। अपनी गलती को स्वीकारना झाड़ू लगाने के समान हैं, जो सतह को चमकदार और साफ कर देती है। मानवता की महानता मानव बनने में नहीं, बल्कि मानवता के प्रति दयालु बनने में है। एक महिला का सबसे बड़ा आभूषण उसका चरित्र और उसकी शुद्धता है। आंख के बदले में आंख पूरे विश्व को अंधा बना देती है।

अहिंसा ये कभी न बदलने वाला धर्म है। ताकत दो तरह की होती है। एक जो सजा के डर से आती है और दूसरी वह जो प्यार से आती है। प्यार से आने वाली ताकत 1000 बार प्रभावकारी साबित हो सकती है पर सजा के डर से आने वाली ताकत हमेशा के लिए प्रभावशाली साबित हो सकती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हनुमान जी का कर्जा





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पिम जी लंका पर विजय प्राप्त करके आए तो कुछ दिन पश्चात उन्होंने विभीषण, जामवंत, सुग्रीव और अंगद आदि को अयोध्या से विदा कर दिया। तो सब ने सोचा हनुमान जी को प्रभु बाद में विदा करेंगे, लेकिन राम जी ने हनुमान जी को विदा ही नहीं किया। अब प्रजा बात बनाने लगी कि क्या बात है कि सब गए परन्तु अयोध्या से हनुमान जी नहीं गए। अब दरबार में कानाफूसी शुरू हुई कि हनुमान जी से कौन कहे जाने के लिए, तो सबसे पहले माता सीता जी की बारी आई कि आप ही बोलो कि हनुमान जी चले जाएं। माता सीता बोलीं मैं तो लंका में विकल पड़ी थी, मेरा तो एक-एक दिन एक-एक कल्प के समान बीत रहा था। वो तो हनुमान जी थे, जो प्रभु मुद्रिका लेकर गए और धीरज बंधवाया कि...!

कछुक दिवस जननी धरु धीरा।
कपिन्ह सहित अइहहिं रघुबीरा।।
निसिचर मारि तोहि लै जैहहिं।
तिहुं पुर नारदादि जसु गैहहिं॥

मैं तो अपने बेटे से बिल्कुल भी नहीं बोलूंगी अयोध्या छोड़कर जाने के लिए, आप किसी और से बुलावा लो। अब बारी आई लखन जी की। तो लक्ष्मण जी ने कहा, मैं तो लंका के रणभूमि में वैसे ही मरणासन्न अवस्था में पड़ा था। पूरा राम दल विलाप कर रहा था।

प्रभु प्रलाप सुनि कान बिकल भए बानर निकर।
आइ गयउ हनुमान जिमि करुना महं बीर रस।।

ये तो जो खड़ा है, वो हनुमान जी का लक्ष्मण है। मैं कैसे बोलूं, किस मुंह से बोलूं कि हनुमान जी अयोध्या से चले जाएं। अब बारी आयी भरत जी की। अरे! भरत जी तो इतना रोए कि राम जी को अयोध्या से निकलवाने का कलंक तो वैसे ही लगा है मुझ पे। हनुमान जी का सब मिलके और लगवा दो और दूसरी बात ये कि...!

बीतें अवधि रहहिं जौं प्राना। अधम कवन जग मोहि समाना॥


मैंने तो नंदीग्राम में ही अपनी चिता लगा ली थी, वो तो हनुमान जी थे, जिन्होंने आकर ये खबर दी कि...!

रिपु रन जीति सुजस सुर गावत।
सीता सहित अनुज प्रभु आवत॥

मैं तो बिल्कुल न बोलूं हनुमान जी से अयोध्या छोड़कर चले जाओ, आप किसी और से बुलवा लो। अब बचा कौन..? सिर्फ शत्रुघ्न भैया। जैसे ही सब ने उनकी तरफ देखा, तो शत्रुघ्न भैया बोल पड़े। मैंने तो पूरी रामायण में कहीं नहीं बोला, तो आज ही क्यों बुलवा रहे हो और वो भी हनुमान जी को अयोध्या से निकलने के लिए। जिन्होंने ने माता सीता, लखन भैया, भरत भैया सब के प्राणों को संकट से उबारा हो, किसी अच्छे काम के लिए कहते बोल भी देता। मैं तो बिल्कुल भी न बोलूं।

शख्सियत | पंडित माखनलाल चतुर्वेदी

# कवि, लेखक, निबंधकार और नाटककार



माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 4 अप्रैल 1889 को मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के बाबई गांव में हुआ था। वह 16 वर्ष की उम्र में एक स्कूल शिक्षक बन गए थे। बाद में, वह राष्ट्रवादी पत्रिकाओं प्रभा, प्रताप और कर्मवीर के संपादक थे। ब्रिटिश राज के दौरान उन्हें बार-बार जेल में रखा गया।

पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, जिन्हें पंडित जी भी कहा जाता है। वह एक भारतीय कवि, लेखक, निबंधकार, नाटककार और एक पत्रकार थे। उन्हें 1955 में उनकी कृति हिम तरंगिनी के लिए हिंदी में पहला साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारत सरकार ने उन्हें 1963 में पद्म भूषण के नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। ब्रिटिश राज के दौरान भारतीय राष्ट्रवाद को मजबूत करने वाले उनके कार्यों के लिए उन्हें युग चरण के रूप में जाना जाता है। भारतीय स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने सरकार में कोई पद पाने से परहेज किया। इसके बजाय उन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ और महात्मा गांधी की कल्पना के अनुसार शोषण-मुक्त, न्यायसंगत समाज के समर्थन में बोलना और लिखना जारी रखा। उनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं हिम कीर्तिनी, हिम तरंगिनी युग चरण, साहित्य और उनकी सबसे प्रसिद्ध कविताएं वेणु लो गुंजे हैं धारा दीप से दीप जले, कैसा छंद बना देती है, अग्निपथ और पुष्प की अभिलाषा। 1943 में उस समय का हिन्दी साहित्य का सबसे बड़ा 'देव पुरस्कार' माखनलालजी को 'हिम कीर्तिनी' पर दिया गया था। १९५४ में साहित्य अकादमी पुरस्कार की स्थापना होने पर हिंदी साहित्य के लिए प्रथम पुरस्कार दादा को 'हिमतरंगिनी' के लिए प्रदान किया गया। 'पुष्प की अभिलाषा' और 'अमर राष्ट्र' जैसी ओजस्वी रचनाओं के रचयिता इस महाकवि के कृतित्व को सागर विश्वविद्यालय ने 1959 में डी.लिट्. की मानद उपाधि से विभूषित किया। 1963 में भारत सरकार ने 'पद्मभूषण' से अलंकृत किया।

उनकी स्मृति में, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी 1987 से वार्षिक 'माखनलाल चतुर्वेदी समारोह' का आयोजन करती है। इसके अलावा किसी भारतीय कवि को कविता में उत्कृष्टता के लिए वार्षिक 'माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार' से सम्मानित किया जाता है। मध्य प्रदेश के भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय का नाम उनके सम्मान में रखा गया है। 30 जनवरी 1968 को उनका निधन हो गया।

अपने विचार

इस भगदड़ में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। यह प्रशासन द्वारा की गई हत्या है।
**संजय राउत, नेता,** शिवसेना (यूबीटी)



जब यह पता था कि मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी, तो सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती थी कि समुचित व्यवस्था की जाए।
**मृत्युंजय तिवारी**, आरजेडी प्रवक्ता



महाकुंभ में दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है।
**राहुल गांधी,** नेता,प्रतिपक्ष



चुनाव होने के कारण पीएम मोदी को बिहार की याद आ रही है। वो अब छठी मैया को याद करेंगे, लिट्टी चोखा पर बोलेंगे, लेकिन बिहार को कुछ देंगे नहीं।
**मृत्युंजय तिवारी**, आरजेडी प्रवक्ता



अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# प्रधानमंत्री आवास योजना: बेघरों को प्राथमिकता, पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी लाभार्थियों को उनका सही घर मिले, इसके लिए सिस्टम को प्रभावी ढंग से काम करना चाहिए। जिन बेघरों के पास जमीन नहीं है, उन्हें ग्राम विकास विभाग की योजनाओं के तहत प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह बात पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की कोंकण संभागीय समीक्षा बैठक में कही।

### पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता

गोरे ने कहा कि जिन लाभार्थियों के पास जमीन नहीं है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जबकि जिनके पास जमीन है लेकिन घर नहीं है, उनकी अलग सूची बनाई जानी चाहिए। स्वीकृति प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्राम सभाओं में जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश भी दिया गया।



### गुणवत्ता और गति से निर्माण पर जोर

बैठक में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री योगेश कदम, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव एकनाथ डावले, कोंकण संभागीय आयुक्त राजेश देशमुख समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री गोरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर नागरिक को उचित आवास उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस योजना की गुणवत्ता और गति सुनिश्चित कर रहे हैं। सरकार के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत 20 लाख मकानों का निर्माण लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पात्र हितग्राहियों के लिए त्वरित स्वीकृति और निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महापारेषण वार्षिक डायरी एवं नियोजक-2025 का प्रकाशन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) की वार्षिक डायरी, नियोजक-2025 एवं सेवा भर्ती नियमन पुस्तिका का प्रकाशन कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार द्वारा किया गया।

### ब्लॉग और सोशल मीडिया अनावरण

डॉ. संजीव कुमार ने इस अवसर पर महापारेषण कंपनी के आधिकारिक ब्लॉग और लिंक्डइन सोशल मीडिया पेज का भी अनावरण किया, जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कंपनी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर महापारेषण निदेशक (परियोजना) अविनाश निंबालकर, निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता सुनील सूर्यवंशी, किशोर गरुड़, भूषण बल्लाल, कंपनी सचिव विनीता श्रीवानी, मुख्य महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) नागसेन वानखेड़े, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजू गायकवाड़ एवं मंगेश शिंदे सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूरत – छपरा क्लोन स्पेशल 3 मार्च से बहाल

डीबीडी संवाददाता | सूरत



यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा 3 मार्च, 2025 से ट्रेन संख्या 09065/09066 सूरत - छपरा क्लोन साप्ताहिक स्पेशल की सेवाओं को समान संरचना, समय, ठहराव और मार्ग के साथ फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09065 सूरत - छपरा क्लोन साप्ताहिक स्पेशल 3 मार्च, 2025 से चलेगी, इसी तरह ट्रेन संख्या 09066 छपरा - सूरत क्लोन साप्ताहिक स्पेशल 5 मार्च, 2025 से चलेगी।

# डोंबिवली में डावखर फाउंडेशन की विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

डोंबिवली के विको नाका स्थित रिजेंसी अनंतम में 29-30 जनवरी 2025 को डावखर फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी कला प्रतिभाओं को निखारना है।




### वैश्विक मुद्रा और डाक टिकटों का अनूठा संग्रह

इस प्रदर्शनी में 193 देशों की मुद्राओं और डाक टिकटों का दुर्लभ संग्रह प्रदर्शित किया गया है। खास आकर्षण महात्मा गांधी के चित्र वाले अंतरराष्ट्रीय डाक टिकट और इंडोनेशिया की मुद्रा पर भगवान गणेश का चित्र हैं। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्रा और डाक टिकटों की रोचक जानकारी प्रदान करेगी।

### 45 स्कूलों की भागीदारी, 50 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी दर्शक

इस वर्ष 45 स्कूलों ने प्रदर्शनी में भाग लिया है, जबकि 50 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी इसे देखने आ रहे हैं। डावखर फाउंडेशन ने छात्रों की सुविधा के लिए 25 बसों का प्रबंध किया है। यह प्रदर्शनी सभी के लिए नि:शुल्क रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

### सम्मान और पुरस्कार वितरण

डावखर फाउंडेशन, रिजेंसी ग्रुप, समर्थ पेट्रोलियम, एनए सॉल्यूशन और डावखर फिल्म्स के सहयोग से इस प्रदर्शनी का आयोजन 2014 से किया जा रहा है। आयोजक संतोष डावखर के अनुसार, हर वर्ष करीब 30,000 विद्यार्थी इस प्रदर्शनी में भाग लेते हैं। इस बार भी विजेता शिक्षकों और विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को मिलेगा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जा रही है, साथ ही उन्हें अपने विचारों और अनुसंधान को प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है। यह कार्यक्रम उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक होगा।

# महिला कार रैली में महिलाओं ने दी सड़क सुरक्षा की सीख

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ठाणे आरटीओ और इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट, पिंक होलिक इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से महिला कार रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और अपनी कारों को सड़क सुरक्षा पोस्टरों और नारों से सजाया।

### महिलाओं ने दिया सुरक्षा का संदेश

कारों के आगे यातायात नियमों की जानकारी देने वाले पोस्टर लगे थे, जिनमें सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश दिए गए थे। उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है।




### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान

आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में इस रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पचास से अधिक कारों और 15 से अधिक अबोली रिक्शा चालकों ने भाग लिया। ठाणे आरटीओ कार्यालय से नितिन जंक्शन, कैडबरी जंक्शन, उपवन लेक, काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह तक और वापस ठाणे आरटीओ कार्यालय तक रैली निकाली गई।

### सम्मान समारोह

रैली में पूर्व नगरसेविका परिषा प्रताप सरनाईक, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष प्रेरणा रायचूर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुछ चयनित महिला कार चालकों को प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक आरटीओ अधिकारी प्रसाद नलावडे, गणेश पाटिल, मोटर वाहन निरीक्षक दत्तात्रेय खराडे, विक्रम पाटिल, शिवाली सोमवंशी और जयश्री झीने ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पश्चिम रेलवे पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक 29 जनवरी 2025 को महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में चर्चगेट स्थित प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे की ई-पत्रिका ई-राजहंस के 58वें अंक का विमोचन किया गया और राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात कर्मियों को सम्मानित किया गया।




### हिंदी के प्रचार-प्रसार पर जोर

महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वेबसाइटों को द्विभाषी बनाने की प्रक्रिया तेज की जा रही है, जिससे हिंदी और अंग्रेजी दोनों में जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया और वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं हिंदी में कार्य कर अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें।

### सम्मान और कार्यक्रम

बैठक में प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनकी प्रसिद्ध कविता अग्निपथ का गायन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान रतलाम मंडल को रेलवे बोर्ड द्वारा आदर्श मंडल घोषित किए जाने पर बधाई दी गई, वहीं रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक के लिए चयनित अधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

### प्रश्न-मंच और सांख्यिकी प्रस्तुति

राजभाषा बैठक में अधिकारियों के लिए एक राजभाषा प्रश्न–मंच का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। अक्टूबर से दिसंबर 2024 के दौरान पश्चिम रेलवे में हुए राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट सदस्य सचिव डॉ. रोशनी खुबचंदानी ने प्रस्तुत की। इस बैठक में पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक और प्रमुख कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक का समापन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सुरेश चंद्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत बाइक रैली का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के तहत ठाणे डिवीजन हाईवे पुलिस, मुरबाड पुलिस स्टेशन, टोकावडे पुलिस स्टेशन, मालशेज पुलिस सहायता केंद्र और अन्य संगठनों द्वारा शिवले से मुरबाड तक बाइक रैली आयोजित की गई। इस रैली का उद्घाटन हाईवे डीवाईएसपी कल्पना गाडेकर ने किया।




### यातायात सुरक्षा पर जागरूकता

इस अवसर पर तालुका विधि सेवा समिति, मुरबाड के अध्यक्ष सचिन शिरसाठ ने यातायात सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया। हाईवे पुलिस निरीक्षक संतोष खानविलकर, मालशेज पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी अनिल विस्पुते, आरटीओ अधिकारी अहिरे और हवलदार संजय घुडे समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व पर जोर

मुख्य सत्र में डीवाईएसपी कल्पना गाडेकर ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि नियमों का पालन करने से स्वयं और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। तहसीलदार अभिजीत देशमुख, नायब तहसीलदार शिंदे, आरटीओ अधिकारी अहिरे और अन्य वक्ताओं ने भी यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाई। कार्यक्रम में वैभव मांडलिक और दर्शन वाकचौरे की टीम ने इष्टवन एवं गीत प्रस्तुत किए। पुलिस कांस्टेबल संजय घुडे द्वारा गाए गए गीत 'जीवन अनमोल है भैया' और नंदकुमार शिंदे द्वारा बनाई गई रंगोली 'जो नियमों से चूका, उसका जीवन गया' ने जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा, बनाची वाड़ी के आदिवासी कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# विद्यार्थियों को व्यवसायिक कौशल और ग्राहक प्रबंधन की शिक्षा

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी




पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल के बी.एन.एन कॉलेज के एसएफसी वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 28 और 29 जनवरी को विद्यार्थियों को व्यवसायिक कौशल और ग्राहक प्रबंधन की शिक्षा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्यमी निकेश जैन और राजू मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को व्यवसाय के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक वाघ ने कहा कि संस्थान के चेयरमैन डॉ. विजय जाधव और कार्यकारी अध्यक्ष बालकृष्ण काले हमेशा छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**वृष** — शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

**कर्क** — किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह** — कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा।

**कन्या** — नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला** — पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**वृश्चिक** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु** — धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**मकर** — रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ** — जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

# हनुमान पूजा के विशेष 5 दिन, पढ़ेंगे हनुमान चालीसा तो तुरंत मिलेगा फल

कलिकाल में हनुमानजी की भक्ति ही कही गई है। हनुमानजी की निरंतर भक्ति करने से भूत पिशाच, शनि और ग्रह बाधा, रोग और शोक, कोर्ट-कचहरी-जेल बंधन से मुक्ति, मारण-सम्मोहन-उच्चाटन, घटना-दुर्घटना से बचना, मंगल दोष, कर्ज से मुक्ति, बेरोजगार और तनाव या चिंता से मुक्ति मिल जाती है। विशेष दिन और विशेष समय पर हनुमानजी की पूजा, साधना या आराधना करने से वे तुरंत ही प्रसन्न होते हैं।

1. शनिवार को हनुमानजी का सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए। शनिवार को सुंदरकांड या हनुमान चालीसा पाठ करने से शनि भगवान आपको लाभ देने लगेंगे। शनिवार को हनुमान मंदिर में जाकर हनुमानजी को आटे के दीपक लगाएं।

2. मंगलवार को हनुमान पूजा, आराधना या हनुमान चालीसा पढ़ने से सभी तरह के संकट दूर होकर मंगल दोष भी मिट जाता है। किसी भी मांगलिक कार्य की सिद्ध के लिए या कर्ज से मुक्ति के लिए मंगलवार को उनकी आराधना करना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

3. मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन व्रत करने से और इसी दिन हनुमान-पाठ, जप, अनुष्ठान आदि प्रारंभ करने से त्वरित फल प्राप्त होता है।

4. हनुमान जयंती के दिन विशेष आराधना करना चाहिए। पहली चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को और दूसरी कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जयंती मनाई जाती है। दोनों ही दिन सर्वश्रेष्ठ है।

* पहली चैत्र माह की तिथि को विजय अभिनन्दन महोत्सव के रूप में जबकि दूसरी तिथि को जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। पहली तिथि के अनुसार इस दिन हनुमानजी सूर्य को फल समझ कर खाने के लिए दौड़े थे, उसी दिन राहु भी सूर्य को अपना ग्रास बनाने के लिए आया हुआ था लेकिन हनुमानजी को देखकर सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया। इस दिन चैत्र माह की पूर्णिमा थी। जबकि दूसरी तिथि के अनुसार कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को उनका जन्म हुआ हुआ था। अतः इस दिन हनुमान पूजा करने से सभी तरह का संकट टल जाता है और निर्भिकता का जन्म होता है।

5. उपरोक्त के अलावा हनुमानजी की पूजा पूर्णिमा और अमावस्या को भी विशेष रूप से की जाती है। इस दिन की गई पूजा हर तरह के भय, चंद्रदोष, देवदोष, मानसिक अशांति, भूत-पिशाच और सभी तरह की घटना-दुर्घटना से बचाती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 5 से 23 फरवरी तक

**लखनऊ।** भारत-नेपाल की साझी सांस्कृतिक विरासत को बरकरार रखने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए संस्कृति विभाग भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव में मित्र राष्ट्र नेपाल और उत्तर प्रदेश के कलाकार संगीत, लोक गीत व नृत्य पेश करेंगे। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा 5 फरवरी को सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर महाराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए 23 फरवरी को पीलीभीत में समाप्त होगी।

### सपा ने यूपी के कोने-कोने में शुरू की पीडीए पंचायत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस ली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी से प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। पार्टी द्वारा जारी किए गए बयान की मानें तो यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा।

### कोचिंग संचालक गिरफ्तार, एक करोड़ की ठगी का आरोप



**कानपुर ।** जिले के काकादेव थाना क्षेत्र में ठगी का मामला सामने आया है। कोचिंग संचालक पर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण देने वाले 30 से ज्यादा छात्रों से एक करोड़ रुपये ठगने का आरोप लगा है। आरोप है कि कोचिंग संचालक ने छात्रों को रोजाना दो हजार रुपये कमाने का लालच देकर ठगी की है। इस मामले में एक छात्र ने कोचिंग संचालक समेत तीन नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### अंबेडकर प्रतिमा और मंदिर निर्माण को लेकर बवाल



**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र के ग्राम इब्राहिम भीमपुर में ग्राम समाज की भूमि पर स्थापित डॉ। भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और मंदिर निर्माण को लेकर विवाद मंगलवार देर शाम हिंसक हो गया। प्रशासन द्वारा प्रतिमा और मंदिर निर्माण कार्य हटाए जाने के दौरान ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पथराव और आगजनी की। इस पथराव में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। जबकि चार मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया गया। घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यूपी में भगदड़ का काला इतिहास

# धार्मिक आयोजनों में 71 सालों में सैकड़ों श्रद्धालुओं की गई जान

**एजेंसी । प्रयागराज**

प्रयागराज महाकुंभ 2025 के संगम क्षेत्र में बुधवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पवित्र स्नान के लिए करोड़ों श्रद्धालु पहुंचे, जिससे भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी दौरान भगदड़ मच गई जिससे कई लोग घायल हो गए। हालांकि इस तरह की घटनाएं होना कोई नई बात नहीं है। 1954 के बाद से यूपी में मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में भगदड़ के कारण कई सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौत हुई है। अगर हाल की घटना की बात करें तो बागपत जिले के बड़ौत कस्बे में मंगलवार सुबह सवा आठ बजे निर्वाण लड्डू महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मानस्तंभ पर जलाभिषेक के लिए दौरान लकड़ियों से बनी सीढ़ीनुमा मचान अचानक ढह गई। 65 फीट ऊंची मचान के ढहते ही उस पर मौजूद सैकड़ों लोग नीचे खड़े श्रद्धालुओं पर आ गिरे। इस हादसे में तीन महिलाओं समेत सात जैन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 80 के करीब लोग घायल हो गए।



### हाथरस में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में 121 श्रद्धालुओं की मौत

2 जुलाई साल 2024 में हाथरस में आयोजित सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के धार्मिक सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इस हादसे में 112 महिलाओं समेत 121 लोगों की मौत हो गई। दरअसल जब बाबा का काफिला निकला तो उन्हें देखने के लिए महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जिससे भगदड़ मच गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्यक्रम में 80 लोगों के शामिल होने की परमिशन मिली थी लेकिन ढाई लाख से अधिक लोग इकट्ठा हुए थे।

### प्रतापगढ़ भगदड़ में 63 श्रद्धालुओं की मौत

प्रतापगढ़ जिले में साल 2010 में भगदड़ मची थी। दरअसल कृपालुजी महाराज की पत्नी की बरसी के भंडारे पर कुंडा स्थित आश्रम पर भारी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए थे। यहां लोगों को सामान बांटा जा रहा था। इस दौरान आश्रम का गेट गिरने से भगदड़ मच गई। इस हादसे 63 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से अधिक लोग घायल भी हो गए थे। मरने वालों में 37 बच्चे और 26 महिलाएं शामिल थीं।

### अयोध्या के रामनवमी मेले में भगदड़ से एक महिला की मौत

5 अप्रैल 2017 में अयोध्या में रामनवमी के दौरान हजारों की संख्या में कनक भवन मंदिर पहुंचे थे। भीड़ बढ़ने के कारण भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि कई अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। हालांकि प्रशासन का कहना था कि महिला की मौत दम घुटने के कारण हुई थी।

### प्रयागराज कुंभ 2013 में मची भगदड़ में 36 श्रद्धालुओं की मौत

10 फरवरी 2013 में प्रयागराज कुंभ में भी भगदड़ मच गई थी। जिसमें 36 लोगों की मौत हो गई थी। जबकी दर्जनों श्रद्धालु घायल हो गए थे। दरअसल संगम स्नान के बाद श्रद्धालु ट्रेन के इंतजार में रेलवे स्टेशन पर थे तभी ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा हुई। जिसके कारण स्टेशन पर भगदड़ मच गई। जिससे लोहे का ब्रिज टूट गया।

### 1954 महाकुंभ में भी मची थी भगदड़

प्रयागराज में साल 1954 में लगे महाकुंभ में मची भगदड़ सबसे बड़ी थी। यह हादसा भी मौनी अमावस्या के दिन ही हुआ था ।इसमें करीब 800 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। ज्यादातर लोग दबकर मर गए थे। जबकि कुछ लोग भगदड़ से बचने के लिए नदी में कूद गए थे।

# प्रयागराज महाकुंभ जा रही ट्रेन पर अयोध्या में पथराव

### कई बोगियों के शीशे टूटे, गार्ड घायल

**एजेंसी । अयोध्या**



अयोध्या धाम से प्रयागराज महाकुंभ जा रही पैसेंजर ट्रेन में श्रद्धालुओं को जगह न मिलने पर पथराव शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं उग्र हो गए। इस दौरान एक दर्जन से अधिक खिड़कियों के शीशे टूटे और गार्ड घायल होने की सूचना प्रकाश में आई है। प्रतिदिन शाम चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 64222 पर यह घटना हुई।

### ट्रेन में जगह न मिलने पर पैसेंजर ट्रेन में तोड़फोड़

अयोध्या प्रयागराज रेलखंड के बीकापुर मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं ने ट्रेन में जगह न मिलने पर पैसेंजर ट्रेन में तोड़फोड़ की। इस पथराव में गार्ड को चोटें आई हैं। बताया गया कि कई बोगियों के शीशे टूटे हैं। लगभग एक दर्जन से अधिक खिड़कियों के शीशे टूट गए हैं। गेटमैन मोहम्मद वसीम के अनुसार, अयोध्या से प्रयागराज जा रही पैसेंजर ट्रेन संख्या 64222 देर रात मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक थी। जिसके चलते ट्रेन के अंदर मौजूद तीर्थ यात्रियों ने कई बोगियों के गेट बंद कर लिए थे। ट्रेन के स्टेशन पर रुकने की पहले ही श्रद्धालुओं ने अंदर से ट्रेन का दरवाजा बंद कर लिया था। श्रद्धालुओं ने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश भी की। कुछ लोग कड़ी मशक्कत के बाद अंदर घुसकर बैठ गए। लगभग दो सौ के करीब श्रद्धालु ट्रेन में नहीं बैठ पाए। ट्रेन एक मिनट रुकने के बाद चलने लगी। ट्रेन में न बैठ पाने के कारण आक्रोशित श्रद्धालुओं ने ट्रेन पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में ट्रेन की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। ट्रेन की पिछली बोगी में मौजूद गार्ड को भी पत्थर लगने से चोट लगने की बात सामने आई हैं।

## सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज

**एजेंसी । सीतापुर**

दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की कोर्ट ने की। सांसद की ओर से अधिवक्ता अतुल वर्मा, सोमेश त्रिपाठी व अरविंद वर्मा ने पक्ष रखा। वहीं, पीड़िता की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने बहस की। सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद सांसद की याचिका को खारिज कर दिया है और दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। इसके पहले सीजेएम न्यायालय ने सोमवार को सांसद के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था।

### दुष्कर्म मामले में हैं आरोपी



गौरतलब है कि दुष्कर्म मामले में सांसद को बीती 25 जनवरी को दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें 27 जनवरी तक सुबह 11 बजे कोतवाली में हाजिर होकर बयान दर्ज करवाने का मौका दिया गया था। वह सोमवार को कोतवाली नहीं पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश की कोर्ट से गिरफ्तारी अधिपत्र जारी करवा लिया।


## 735 करोड़ की लागत से बिहार में बनेगा रिवर फ्रंट

### गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट को देगा टक्कर

**एजेंसी । पटना**

बिहार की नीतीश सरकार ने प्रदेश में इंटरनेशनल स्तर का रिवर फ्रंट बनाने का फैसला किया है। इस परियोजना से जुड़े अधिकारियों की टीम अहमदाबाद के साबरमती और दिल्ली के यमुना रिवर फ्रंट का अध्ययन करने के लिए दिल्ली और गुजरात का दौरा करेगी। वहां यह टीमें तकनीक से लेकर खूबियों तक के एक-एक पहलू को देखेगी और उसके आधार पर बिहार में बनने वाले रिवर फ्रंट का डिजाइन तैयार करेगी। अधिकारियों के इस काम में दो साल पहले राष्ट्रीय स्तर पर गठित नदी-शहर गठबंधन के तहत बने निगमों से अहम टिप्स मिलेंगे। निर्माण या अन्य प्रक्रियाओं से जुड़ी चुनौती का पता चलने के साथ ही समस्या के समाधान का रास्ता भी मिलेगा।

### प्रदेश के इस शहर को मिलेगा रिवर फ्रंट को तोहफा



यह रिवर फ्रंट बिहार के मुजफ्फरपुर के बूढ़ी गंडक नदी के किनारे पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। बूढ़ी गंडक से जुड़ी घाटों को संवारा जाएगा। घाटों या आसपास के इलाकों में नियमित साफ-सफाई से लेकर लाइटिंग तक के इंतजाम किए जाएंगे। योजना के तहत बूढ़ी गंडक नदी के किनारे दादर कोल्हुआ घाट से लेकर बीएमपी 6 तक करीब आठ किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड का निर्माण भी होगा। रिवर फ्रंट के निर्माण के दौरान और उसके बाद भी नदी के पानी को निर्मल-स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त करने पर फोकस होगा। रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य पर 735 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसको लेकर पिछले सप्ताह निगम के स्तर से नगर विकास व आवास विभाग को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। रिवर फ्रंट के जरिए शहर के विभिन्न इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

## बिहार भेजी जा रही 20 लाख की शराब जब्त

**एजेंसी । दादरी**

हरियाणा से तस्करी कर बिहार भेजी जा रही शराब की एक खेप आबकारी और थाना दादरी पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन में पकड़ी है। इसमें अलग-अलग ब्रांड की 135 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई जिसकी कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। जिस ट्रक में यह शराब पकड़ी गई है उस ट्रक में बाहर की तरफ कई बोरियों में मुरमुरे भरे हुए थे, ताकि चेकिंग के दौरान किसी को शक न हो। आबकारी विभाग और थाना दादरी की टीम संयुक्त रूप से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से उतरने वाले लुहारली कट टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक टाटा अल्ट्रा गुड्स कैरियर को रोक कर चेक किया गया। वाहन में मुरमुरे की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 631 अंक बढ़कर 76,532 पर बंद

### निफ्टी में भी 205 अंक की तेजी रही

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आज (29 जनवरी) तेजी दर्ज हुई है। सेंसेक्स 631 अंक की बड़ी बढ़त के साथ आज 76,532.96 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 205 अंक चढ़कर 23,163.10 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का माहौल देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 329 अंक की बढ़त के साथ 14,671.25 अंक पर बंद हुआ।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स



टॉप गेनर्स में आज KPIT टेक, CG पावर और जोमैटो ने क्रमशः 9.32 फीसदी, 8.17 फीसदी और 6.89 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। IEX और BHEL के शेयरों में भी क्रमशः 6.85 फीसदी और 6.56 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। JSW एनर्जी, बॉश, अंबुजा सीमेंट, बर्जर पेंट्स और PNB क्रमशः 6.19 फीसदी, 5.62 फीसदी, 3.87 फीसदी, 2.80 फीसदी और 1.91 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

### क्यों दर्ज हुई आज बाजार में बड़ी बढ़त?

आज शेयर बाजार में तेजी के पीछे कई वजहें रहीं। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से निवेशकों का भरोसा बढ़ा, खासकर अमेरिकी शेयरों में मजबूती देखने को मिली। टेक शेयरों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़े स्टॉक्स में रिकवरी आई, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना। मिड- और स्मॉल-कैप शेयरों में निवेशकों की रुचि बढ़ी, जिससे खरीदारी का दबाव बढ़ा। इसके अलावा, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें स्थिर रखने की उम्मीद से भी बाजार को समर्थन मिला। भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज मामूली बढ़त देखने को मिली है।

# मारुति सुजुकी इंडिया को 3,727 करोड़ रुपये का मुनाफा

### अकटूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश की प्रमुख कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 16% बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की समान अवधि में कंपनी को 3,207 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।



### परिचालन आय में उल्लेखनीय वृद्धि

मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 38,764 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 33,513 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने यह भी बताया कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

**प्रबंध निदेशक और सीईओ की पुनर्नियुक्ति**

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने हिसाशी ताकेउची को 1 अप्रैल, 2025 से तीन वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में पुनः नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है।

## डेंटा वाटर की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



नई दिल्ली वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स पर काम करने वाली कंपनी डेंटा वाटर की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 294 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई में इसकी लिस्टिंग 330 रुपये के स्तर पर और एनएसई में 325 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 12 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 346.45 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 17.84 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है।

## तीसरी तिमाही में अडाणी पावर का मुनाफा 7.40% बढ़ा

**एजेंसी । मुंबई**

थर्मल पावर प्रोड्यूस करने वाली अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 2,940 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 7.40% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 2,738 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। ऑपरेशनल रेवेन्यू की बात करें तो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 13,671.18 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर इसमें 5.23% की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 12,991 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिलने वाली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।




**2940 करोड़ रहा, रेवेन्यू 5.23% बढ़कर 13,671 करोड़ रुपए**

**नतीजों के बाद 5% चढ़ा शेयर**

### तिमाही आधार पर 11% कम हुआ मुनाफा

तिमाही आधार यानी दूसरी तिमाही के मुकाबले अडाणी पावर का नेट प्रॉफिट 11% कम हुआ है। जुलाई-सितंबर में कंपनी को 3,298 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इस दौरान ऑपरेशनल रेवेन्यू 2.49% बढ़ा है। दूसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 13,339 करोड़ रुपए रहा था।

## रेक्सप्रो एंटरप्राइजेज ने निवेशकों को किया निराश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फर्नीचर का कारोबार करने वाली कंपनी रेक्सप्रो एंटरप्राइजेज ने आज स्टॉक मार्केट में अपने निवेशकों को काफी निराश किया। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर 19.31 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 145 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर शेयरों की 19.31 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 117 रुपये के स्तर पर लिस्टिंग हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को डबल शॉक उस समय लगा, जब ये शेयर टूट कर 111.15 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 23.34 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। रेक्सप्रो इंटरप्राइजेज का 53.65 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 24 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को खुदरा निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 17.67 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व पोर्शन 27.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# अब कोहली और राहुल का इम्तिहान

एजेंसी । नई दिल्ली

रोहित, यशस्वी और पंत के बाद अब रणजी के गुरुवार से शुरू होने वाले आखिरी लीग मुकाबलों में किंग कोहली और लोकेश राहुल की परीक्षा होगी। इन दोनों पर अपनी टीमों को जीत दिलाने का दारोमदार होगा। विराट कोहली की टीम दिल्ली नॉकआउट से लगभग बाहर हो चुकी है। दिल्ली अब रेलवे के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर जीत के साथ विदा लेना चाहेगी। वहीं, राहुल की कर्नाटक की धुंधली उम्मीदें कायम हैं। इसके लिए उसे हरियाणा पर बोनस अंक के साथ बड़ी विजय चाहिए। कोहली ने पिछला मुकाबला नवंबर 2012 में खेला था। उनकी मौजूदगी से टूर्नामेंट की चमक ही नहीं बढ़ी बल्कि खराब दौर से जूझ रही दिल्ली की टीम का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। कोहली ने मंगलवार को टीम के साथियों के साथ जमकर अभ्यास किया। साथ ही उनमें जोश भी भरा। लाल गेंद के क्रिकेट में रन बनाने के लिए जूझ रहे कोहली घरेलू मैदान पर बड़ी पारी खेलकर आलोचकों को भी जवाब देना चाहेंगे। कोहली से पहले भारतीय रोहित और यशस्वी मुंबई, पंत दिल्ली, गिल पंजाब और जडेजा सौराष्ट्र के लिए पिछले मुकाबले में खेले थे। इनमें जडेजा और गिल को छोड़कर बाकी सभी ने फ्लॉप रहे थे।

**केएल पर कर्नाटक को बड़ी विजय के साथ बोनस अंक दिलाकर नॉकआउट में पहुंचाने की चुनौती**



**विराट पर दिल्ली की टीम को सत्र की दूसरी जीत दिलाने का दारोमदार**

### नंबर चार पर उतरेंगे कोहली

समझा जाता है कि कोहली टीम में जोंटी सिद्धू की जगह लेंगे जो पिछले कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। कप्तान बडोनी ने कहा, विराट भैया चौथे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने हमसे सकारात्मक होकर खेलने के लिए कहा है। कोटला की पिच हरी भरी लग रही है। बडोनी ने संकेत दिया है कि वे अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरेंगे। ऐसे में मनी ग्रेवाल की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है।

### एक मैच जीता है दिल्ली ने

रेलवे रेलवे की टीम के पास कुछ बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं। कोहली की कप्तानी में 11 साल पहले एडिलेड में टेस्ट पदार्पण करने वाले कर्ण शर्मा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव भी हैं। तेज गेंदबाजी में हिमांशु सांगवान स्ट्राइक गेंदबाज हैं। रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है। दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकता है। दिल्ली के छह मैचों में 14 अंक है। तकनीकी तौर पर ही वह दौड़ में है। दिल्ली सिर्फ एक मैच जीत पाई है।

### विराट को देखने पहुंचेंगे दर्शक

कोहली को खेलते देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। उन्हें नतीजे की परवाह नहीं है। दिल्ली की टीम अगर पहले गेंदबाजी करती है तो मैदान में 3000 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे। वहीं पहले बल्लेबाजी करने पर दर्शक चाहेंगे कि कोहली जल्दी से क्रीज पर उतरें। उनकी वापसी को लेकर ऐसी हाइप है कि फिरोज शाह कोटला मैदान पर से लाइव स्ट्रीमिंग के लिए ऐन मौके पर व्यवस्था की गई है। रेलवे की टीम पर भी कोहली का करिश्मा छाया हुआ है। उसके कुछ खिलाड़ी अभ्यास से पहले इस महानायक के साथ तस्वीरें लेते दिखे।

### तीसरे नंबर पर उतरेंगे राहुल

एजेंसी । बेंगलुरु

राहुल की टीम कर्नाटक क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी है। राहुल 2020 के बाद पहला रणजी मैच खेलेंगे। कर्नाटक के कोच येरे गौड़ ने कहा कि वह हरियाणा के खिलाफ तीसरे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने कहा, उसके पास अपार अनुभव है। हम देखेंगे कि वह अंतिम एकादश में किसकी जगह लेते हैं लेकिन यह तय है कि वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे। कर्नाटक के 19, हरियाणा के 26 और केरल के 21 अंक हैं। कर्नाटक अगर हरियाणा पर बोनस अंक (कुल सात अंक) के साथ जीतता है तो उसके 26 अंक हो जाएंगे। ऐसे में वह शीर्ष या दूसरे स्थान की टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा। गत चैंपियन केरल को तिरुवनंतपुरम में बिहार से खेलना है। बोनस अंक के बिना भी जीतने पर केरल के 27 अंक होंगे और वह ग्रुप सी में शीर्ष पर होगा।

## मुंबई को मेघालय पर चाहिए बड़ी जीत



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पिछले मैच में जम्मू-कश्मीर से मिली अप्रत्याशित हार के बाद 42 बार की चैंपियन मुंबई को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मेघालय के खिलाफ आखिरी मैच में बोनस अंक लेकर बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। साथ ही बड़ौदा की जम्मू-कश्मीर पर जीत की दुआ भी करनी होगी। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई को रोहित, यशस्वी, श्रेयस और दुबे की मौजूदगी पांच विकेट से हार मिली थी। सिर्फ शार्दुल ठाकुर टिककर खेल सके थे जिन्होंने दो पारियों में 51 और 119 रन बनाए। मुंबई को आयुष म्हात्रे, सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सत्रह वर्ष के म्हात्रे छह प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक लगा चुके हैं। उन्होंने इस रणजी सत्र में पांच मैचों में 408 रन बनाए। मुंबई के छह मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ 22 अंक हैं। जम्मू-कश्मीर के चार जीत और दो ड्रॉ के साथ 29 अंक है। बड़ौदा के चार जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ 27 अंक हैं।

# तिलक वर्मा ICC की बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

एजेंसी । दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम की युवा सनसनी तिलक वर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार कमाल करते आ रहे हैं। अब उनको इस शानदार प्रदर्शन का इनाम भी मिला है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में यह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में तिलक ने 72 रन बनाए थे। स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती भी शीर्ष-10 गेंदबाजों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

**वरुण चक्रवर्ती को बड़ा फायदा**



### अन्य बल्लेबाजों की क्या है स्थिति?

तिलक 832 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट की जगह ली है। सॉल्ट भारत के खिलाफ सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। वह 782 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। चौथे स्थान पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव 763 अंकों के साथ मौजूद हैं।

### आदिल राशिद नंबर-1 गेंदबाज

आदिल राशिद एक बार फिर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हैं। उनके 718 अंक हैं। राशिद ने वेस्टइंडीज के अकील होसैन को पीछे छोड़ा है। वह 707 अंकों के साथ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वरुण को 25 पायदान का फायदा हुआ है और वह 679 अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोफ्रा आर्चर को 13 पायदान का फायदा हुआ है। वह छठे स्थान पर आ गए हैं।

### ऐसा रहा है गेंदबाजों का प्रदर्शन

वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में अब तक 3 मुकाबले खेले हैं और 8.50 की उम्दा औसत और 7.08 की इकॉनमी रेट के साथ 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने 1 बार 5 विकेट हॉल लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/24 का रहा है। राशिद ने इस सीरीज में 18.66 की औसत और 5.60 की इकॉनमी रेट से 3 विकेट अपने नाम किए हैं। आर्चर ने 22.80 की औसत से 5 विकेट अपने नाम किए हैं।

## जमैका के दिग्गज कोच बने भारतीय महिला 400 मीटर टीम के मार्गदर्शक

एजेंसी । नई दिल्ली

जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस, जिन्होंने एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे कई ओलंपिक व विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेताओं का मार्गदर्शन किया है, को भारतीय महिला 400 मीटर टीम का कोच नियुक्त किया गया है। 65 वर्षीय होलनेस ने सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। उनकी नियुक्ति इस साल होने वाली कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### 2026 तक रहेगा कार्यकाल

फिलहाल होलनेस का कार्यकाल 2026 तक तय किया गया है, लेकिन उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वह तिरुवनंतपुरम में हिमा दास, सुभा वेंकटेसन, रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज जैसी एथलीटों को कोचिंग देंगे। इसके अलावा, वह महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीमों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे, जो वर्तमान में तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रही हैं।

## एसए20 : कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को हराया

एजेंसी । सेंचूरियन

प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ एसए 20 लीग के प्लेऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा है। कैपिटल्स ने मंगलवार रात खेले गए मैच में सुपर किंग्स को नौ विकेट पर 99 रन पर रोक दिया। फिर चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए मार्कस एकेरमैन ने 22 गेंद में 39 रन बनाए। इस जीत के साथ कैपिटल्स 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि सुपर किंग्स 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। कैपिटल्स को दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना था।

## लीजेंड 90 लीग : टूर्नामेंट के लिए टीमों की घोषणा की




एजेंसी । रायपुर

क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों की 'लीजेंड 90 लीग ने 6 से 18 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए सभी सात फ्रेंचाइजी टीमों की घोषणा कर दी है। इस लीग में छत्तीसगढ़ वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग ब्वॉयज और राजस्थान किंग्स टीमों में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच जैसे क्रिकेट के दिग्गज शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ वारियर्स में मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू जैसे मार्की खिलाड़ी हैं जबकि दिल्ली रॉयल्स में रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कमान हरभजन सिंह के हाथों में होगी जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स के लिए खेलेंगे।

# स्टीव स्मिथ का अधूरा सपना हुआ पूरा

- श्रीलंका के खिलाफ बने 10 हजारी; ऐसा करने वाले चौथे बैट्समैन

एजेंसी । गॉल

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन में 1 रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। गॉल में चल रहे मुकाबले के पहले स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 330/2 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 104 और उस्मान ख्वाजा 147 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। ओपनर ट्रैविस हेड 57 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की ओर से प्रबाथ जयसूर्या और जेफ्री वांडरसे ने एक-एक विकेट लिया।



### 10 हजार रन बनाने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियन

स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने दुनिया के 15वें बल्लेबाज बन गए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (13378 रन), एलन बॉर्डर (11174 रन) और स्टीव वॉ (10927 रन) यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं।

### हेड-ख्वाजा के बीच 92 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा की ओपनिंग जोड़ी ने कप्तान पैट कमिंस के इस फैसले को सही साबित किया। दोनों ने 92 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रबथ जयसूर्या ने तोड़ा। उन्होंने ट्रैविस हेड को चंडीमल के हाथों कैच कराया। उसके बाद बैटिंग करने आए मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेफ्री वेंडरसे ने डी सिल्वा के हाथों कैच कराया।

# आईएमएल 2024 : भारत और श्रीलंका के बीच आगाज मैच



डीबीडी संवाददाता । मुंबई


इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सत्र की शुरुआत 22 फरवरी से होगी। उद्घाटन मैच में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का सामना कुमार संगकारा की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम से होगा। इस लीग में छह टीमें – भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज भाग लेंगी।

### फाइनल 16 मार्च को, सभी मैचों का सीधा प्रसारण

लीग के मुकाबले नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में खेले जाएंगे। पहला मैच 22 फरवरी को नवी मुंबई में होगा, जबकि फाइनल 16 मार्च को रायपुर में खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल 13 और 14 मार्च को रायपुर में होंगे। सभी मैचों का सीधा प्रसारण जियो स्टार के डिज्नी प्लस हॉटस्टार, कलर्स सिनेप्लेक्स (एसडी और एचडी) और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर किया जाएगा। सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

## बाप-बेटे के उलझे रिश्तों को सुलझाने आ रहे बोमन ईरानी

बोमन ईरानी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अभिनेता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई यादगार किरदार दिए हैं। अपने काम से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। पिछले दिनों द मेहता बॉयज के ऐलान के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे। अब फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया और अगर आपने अभी तक नहीं देखा है तो आपको जरूर देखना चाहिए। द मेहता बॉयज का ट्रेलर दिल को छू लेने वाला है। फिल्म की कहानी आपको एक पिता और बेटे के बीच उलझी पहेलियों को दिखाने के साथ समझाने दोनों की कोशिश करती है।



### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

ट्रेलर की फिल्म के लेखक, एक्टर, निर्देशक और निर्माता बोमन ईरानी से होती है जहां वो अपने बेटे के घर पर रहने पहुंचते हैं। अपने ब्रीफकेस को खींचते हुए अपने बेटे से मदद न लेने से लेकर गद्दे पर सोने तक। ट्रेलर में आपको कई हल्की-फुल्की नोक-झोंक देखने को मिलने वाली है जो शायद आज के समय में ज्यादातर बाप और बेटे के रिश्तों में मौजूद हैं। कहानी में एक वक्त ऐसा आता है जब दोनों ही एक दूसरे को समझने की कोशिश करना छोड़ देते हैं। यह फिल्म बाप-बेटे की वो कहानी है, जो एक-दूसरे की परवाह तो करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण एक-दूसरे से दूर हो गए हैं। फिल्म पर बात करते हुए निर्देशक और निर्माता बोमन ईरानी ने बताया था कि वो इस फिल्म के जरिए अपनी पर्सनल जर्नी दिखाने वाले हैं। उनका कहना है कि पिता-बेटे का रिश्ता सबसे कठिन और भावनात्मक संबंधों में से एक होता है। अभिनेता ने कहा कि यह कहानी उनके साथ सालों से रही है और वह इसे दुनिया भर के दर्शकों के साथ शेयर करने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।

# 'डॉन 3' से जुड़े विक्रांत मैसी

जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' का ऐलान हुआ है, यह लगातार चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 'डॉन 3' में अभिनेता रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं इस फिल्म में कियारा आडवाणी उनकी जोड़ीदार होंगी। अब खबर आ रही है कि 'डॉन 3' की स्टार कास्ट में अभिनेता विक्रांत मैसी भी शामिल हो गए हैं।




### निर्माताओं ने विक्रांत से किया संपर्क



रिपोर्ट के अनुसार, विक्रांत फिल्म 'डॉन 3' में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। वह खूंखार विलेन बन तहलका मचाने को तैयार हैं। कहा जा रहा है कि हाल ही में फरहान ने विक्रांत से 'डॉन 3' में विलेन का किरदार निभाने के लिए संपर्क किया है। अभिनेता को भी फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है। इससे पहले इस फिल्म से इमरान हाशमी का नाम जुड़ा था। 'डॉन' का मूल संस्करण 1978 में आया था, जिसमें अमिताभ बच्चन ने 'डॉन' की भूमिका निभाई थी और उनके साथ जीनत अमान मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। इसके बाद 2006 में फरहान ने शाहरुख के साथ 'डॉन' का रीमेक बनाया, जिसमें प्रियंका, अर्जुन रामपाल, बोमन ईरानी और करीना कपूर शामिल थे। साल 2011 में फिल्म का दूसरा भाग दर्शकों के बीच आया तो अब 13 साल बाद फिल्म की तीसरी किस्त आने के लिए तैयार है।

## सैफ के बेटे इब्राहिम को लॉन्च करेंगे करण जौहर

नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर एक और स्टारकिड को इंडस्ट्री में लॉन्च करने जा रहे हैं। इस बार वे सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान पर दांव लगा रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुद इसका एलान किया है।



### अमृता सिंह से मुलाकात का किस्सा किया साझा

करण जौहर आज बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इब्राहिम की कई तस्वीरें शेयर करते हुए लंबा नोट लिखा है और उनके डेब्यू की जानकारी दी है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए करण ने लिखा, 'मैं अमृता (इब्राहिम की मां) से पहली बार तब मिला था जब मैं सिर्फ 12 साल का था। उस वक्त वो मेरे पिता के साथ फिल्म 'दुनिया' में काम कर रही थीं। मुझे याद है कि कैमरे पर उनकी एनर्जी और पकड़ दोनों ही बहुत मजबूत थे।' करण ने आगे लिखा, 'इस पहली मुलाकात में जो सबसे यादगार रहा वो यह था कि हमने चाइनीज डिनर किया था और उसके बाद जेम्स बॉन्ड की एक फिल्म देखी थी। हम जिस पल मिले उसी पल उन्होंने मुझे अपना महसूस कराया और यही उनकी ताकत थी। यही आदत उनमें आज भी है और उनके बच्चों में भी आई।' अपनी इस पोस्ट में करण जौहर ने आगे लिखा, 'सैफ से मैं पहली बार अंजू महेंद्रू के ऑफिस में मिला था।

# वक्फ संशोधन बिल को JPC की मंजूरी

### ओवैसी बोले, एक रात में 655 पेज की रिपोर्ट कैसे पढ़ी?

एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त संसदीय समिति (JPC) ने वक्फ संशोधन बिल पर अपनी रिपोर्ट को बुधवार (29 जनवरी) को मंजूरी दे दी। 16 सदस्यों ने इसका समर्थन किया, जबकि 11 ने विरोध जताया। JPC अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि अब यह रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को सौंपी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी पार्टियों ने इस पर सवाल उठाए हैं। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 655 पन्नों की रिपोर्ट एक रात में कैसे पढ़ी जा सकती है?




### विपक्ष ने जताई नाराजगी, ओवैसी ने किया विरोध

JPC की बैठक के दौरान विपक्षी सांसदों ने इस बिल को लेकर कड़ा विरोध जताया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट की 655 पन्नों की कॉपी रातभर में पढ़ने के लिए दी गई, जो असंभव है। उन्होंने अपनी असहमति दर्ज कराई और कहा कि वे संसद में भी इस बिल का विरोध करेंगे। वहीं, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी और शिवसेना (UBT) के सांसदों ने भी इस पर आपत्ति जताई। विरोध जताने के लिए सांसदों को 29 जनवरी शाम 4 बजे तक का समय दिया गया है।

### डीएमके ने जताई नाराजगी, कहा- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे



डीएमके सांसद ए राजा ने कहा कि यह कानून असंवैधानिक है और उनकी पार्टी इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि JPC की बैठक में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि समिति के अध्यक्ष ने एकतरफा तरीके से बैठक चलाई और पहले से तय रिपोर्ट को पास कर दिया। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि उन्हें इस बिल पर शोध करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया।

### JPC बैठक में हंगामा, 10 सांसद निलंबित

24 जनवरी को दिल्ली में JPC की बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिल में संशोधन को समझने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखते हुए जल्दबाजी में रिपोर्ट पेश करना चाहती है। इसी हंगामे के बाद JPC ने 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और AIMIM के असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल थे।

### भाजपा सांसद बोले- विपक्ष नहीं चाहता रिपोर्ट पेश हो

JPC अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका दिया, लेकिन विपक्षी सांसदों ने बहस को आगे नहीं बढ़ने दिया। उनका कहना था कि विपक्ष ने बैठक को बाधित करने की कोशिश की और संसदीय प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया।

### बजट सत्र में पेश की जाएगी रिपोर्ट

JPC अपनी रिपोर्ट को संसद के बजट सत्र में पेश करेगी, जो 31 जनवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 1 फरवरी को केंद्रीय बजट भी पेश किया जाएगा। सरकार का कहना है कि वक्फ संशोधन बिल 2024 अवैध कब्जों को रोकने, संपत्तियों का डिजिटलीकरण करने और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से लाया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### केजरीवाल पर सोनीपत में दर्ज हुआ केस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत में केस दर्ज हुआ है। उनके खिलाफ यह केस यमुना में हरियाणा सरकार द्वारा जहर मिलाने वाले बयान पर दर्ज हुआ है। इससे एक बार फिर केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में हरियाणा सरकार ने सोनीपत में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में डिजास्टर मैनेजमेंट की धारा 2 डी,154 के तहत केस दर्ज करवा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोनीपत जिला अदालत में केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दी थी। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है।

### दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 365 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक बुलाई और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) तीन की पाबंदियां लागू करने के आदेश दिए। इसके साथ राजधानी में ग्रैप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीज़ल वाहनों का इस्तेमाल प्रतिबंधित होगा। अन्य पाबंदियों में निर्माण कार्य, सड़क निर्माण, और अन्य निर्माण पर रोक, स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में, गैर-जरूरी डीज़ल चालित मध्यम माल वाहनों की आवाजाही पर रोक शामिल है।

### सात महिला समेत 29 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/नारायणपुर।** राज्य के नारायणपुर जिले में सक्रिय सात महिलाओं सहित 29 नक्सलियों ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। ये सभी नक्सली कुतुल एरिया कमेटी के सदस्य थे। आत्मसमर्पण करने नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चलाये जा रहे पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान और अति संवेदनशील अंदरुनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से नक्सलियों पर दबाव बना है।

### विभिन्न राज्यों में आपदा शमन के लिए 3027.86 करोड़ रुपये की मंजूरी


**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राज्यों में आपदा शमन के लिए 3027.86 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय में बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि केन्द्रीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली इस समिति ने 10 राज्यों के ऐसे 50 जिलों में बिजली गिरने के जोखिम को कम करने के लिए बिजली सुरक्षा पर शमन परियोजना पर विचार किया जो बिजली गिरने की घटनाओं से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

## सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा

### 9 भारतीयों समेत 15 की मौत

एजेंसी | जिजान

सऊदी अरब के जिजान में एक भीषण सड़क हादसे में 9 भारतीयों सहित 15 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार (29 जनवरी) सुबह वादी बिन हाशबल क्षेत्र में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, एक बस और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर से यह हादसा हुआ। बस में कुल 26 मजदूर सवार थे, जो एक वर्कसाइट की ओर जा रहे थे।




### भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

जेद्दाह में स्थित भारतीय दूतावास ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। घटना की सूचना देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि हम सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जिजान के पास हुई सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। प्रभावित परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हमारे कांसुल जनरल जेद्दाह में संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। यह एक बहुत ही दुखद घटना है। हादसे में मारे गए भारतीयों में तेलंगाना के जगतियाल जिले के मेटपल्ली मंडल के कपेली रमेश (32 वर्ष) भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में नेपाल और घाना के नागरिकों की भी मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हरियाणा में मिलेगी हवाई टैक्सी की सुविधा

### मंत्री विपुल गोयल ने दी जानकारी

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा में अब सरकार की ओर से हेली टैक्सी की सेवा शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। दरअसल, हिसार और अंबाला एयरपोर्ट पर जल्द ही विमानों की उड़ानें शुरू हो जाएंगी। ऐसे में राज्य सरकार प्रदेश में हेलीकॉप्टर की सेवा प्रदान करने के लिए गंभीरता से विचार कर रही है। बताया जा रहा है कि शुरुआत में गुरुग्राम से खाटू श्याम जी और सालासर धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू किया जा सकता है। इसके अलावा, गुरुग्राम से चंडीगढ़ और हिसार से चंडीगढ़ के बीच भी हेली टैक्सी की सुविधा शुरू करने की योजना पर चर्चा हो रही है।



### अधिकारियों को निर्देश

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की योजना पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्री विपुल गोयल ने हेली टैक्सी सेवा के लिए जरूरी दिशा-निर्देश देने के साथ ही योजना को तेजी से पूरा करने के लिए रूट स्टडी और रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया है।

## ब्रिटेन ने 'खालिस्तान समर्थकों' को बताया खतरा

### 'चरमपंथ समीक्षा' रिपोर्ट में किए कई दावे




एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन की एक लीक रिपोर्ट में भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़े दो प्रकार के कट्टरवाद को गंभीर खतरे के रूप में वर्णित किया गया है। इनमें से एक खालिस्तान समर्थक कट्टरवाद और दूसरा हिंदू राष्ट्रवाद से जुड़ा कट्टरपंथ है। ब्रिटिश सरकार की इस रिपोर्ट को प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार की ओर से प्रकाशित किया गया है, और यह एक नई चरमपंथ निरोधक समीक्षा का हिस्सा है।

### कट्टरवाद की सूची में खालिस्तान समर्थक और हिंदू राष्ट्रवाद


लीक रिपोर्ट में नौ प्रकार के कट्टरवाद की सूची दी गई है, जिसमें इस्लामवादी, दक्षिणपंथी, खालिस्तानी समर्थक, हिंदू राष्ट्रवाद से जुड़ा कट्टरपंथ, वामपंथ और अन्य शामिल हैं। विशेष रूप से खालिस्तान समर्थक कट्टरवाद और हिंदू राष्ट्रवाद से जुड़ा कट्टरपंथ भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़े खतरे के रूप में रेखांकित किए गए हैं। रिपोर्ट में भारत सरकार की विदेशी भूमिकाओं पर चिंताओं का उल्लेख करते हुए यह दावा किया गया कि भारत, कनाडा और अमेरिका में सिखों के खिलाफ हिंसा में शामिल हो सकता है। इसने भारत सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों पर भी सवाल उठाए हैं।

## आंध्र में जल्द शुरू होगा व्हाट्सएप गवर्नेंस

एजेंसी | अमरावती

आंध्र प्रदेश सरकार गुरुवार यानी की 30 जनवरी से व्हाट्सएप गवर्नेंस शुरू करने जा रही है। लोग अब मैसेजिंग एप के जरिए 161 सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे दस्तावेजों के लिए सरकारी दफ्तरों में बार बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। बुधवार को सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को नए प्रोग्राम का प्रदर्शन दिया।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, पहले चरण में सरकार 161 सेवाएं उपलब्ध कराएगी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कैसे लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। ऊर्जा, एपीएसआरटीसी, राजस्व, अन्ना कैंटीन, सीएम राहत कोष (सीएमआरएफ) और नगर निगम विभागों से संबंधित सेवाएं पहले चरण में प्रदान की जाएंगी। दूसरे चरण में अधिक सेवाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद है।




### पहले चरण में 161 सेवाएं उपलब्ध कराएगी सरकार

### नारा लोकेश कर सकते हैं व्हाट्सएप गवर्नेंस सेवाओं का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आम लोगों का डेटा अपराधियों के हाथों में न पड़े। इसके साथ ही फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की भी अपील की। बता दें कि पिछले साल 22 अक्तूबर को आंध्र प्रदेश ने व्हाट्सएप के माध्यम से सेवाओं का विस्तार करने के लिए मेटा के साथ समझौता किया था। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आईटी मंत्री नारा लोकेश व्हाट्सएप गवर्नेंस सेवाओं का उद्घाटन कर सकते हैं।

## गणतंत्र दिवस परेड में गुजरात की झांकी को पहला स्थान




एजेंसी | नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड में गुजरात की 'स्वर्णिम भारतः विकास और विरासत' पर आधारित झांकी ने पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की झांकी 'महाकुंभ 2025: स्वर्णिम भारत विकास और विरासत'ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्तराखंड की झांकी तीसरे स्थान पर रही। यह झांकी 'सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक खेल' पर आधारित थी। उत्तराखंड की झांकी को यह स्थान लोगों के वोटों के आधार पर मिला है।

## पलक्कड़ में मां-बेटे की हत्या की वजह का खुलासा



### पड़ोसी ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण वारदात को दिया अंजाम

एजेंसी | लंदन

तिरुवनंतपुरम। उत्तरी केरल के पलक्कड़ जिले में एक बुजुर्ग महिला और उसके 53 वर्षीय बेटे की हत्या के पीछे का कारण पड़ोसी के साथ लंबे समय से जारी व्यक्तिगत दुश्मनी बताई जा रही है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। बड़े पैमाने पर तलाशी लेने और पड़ोसी चेंथमारा के पकड़े जाने के एक दिन बाद पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कोई पछतावा नहीं दिखाया, बल्कि वह इस हत्या से खुश था। बता दें कि 72 वर्षीय पीड़िता लक्ष्मी और उनके बेटे सुधाकरन की सोमवार सुबह पोथुंडी में उनके आवास के बाहर चेंथमारा ने दिनदहाड़े उनकी हत्या कर दी।

### क्या कहा पुलिस ने ?

हत्या के बाद आरोपी छिपा हुआ था, उसे पकड़ लिया गया। फिलहाल उसे पुलिस की हिरासत में रखा गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी ने कई चीजों का खुलासा किया, जिसमें हत्या का कारण भी शामिल है। उसने कहा, मैं जो आपको बता रहा हूं वह केवल प्रारंभिक निष्कर्ष है, जिनकी पुष्टि होनी बाकी है। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों और आरोपी के परिवार के बीच लंबे समय से व्यक्तिगत दुश्मनी थी और 2019 में चेंथमारा द्वारा सुधाकरन की पत्नी सजिता की हत्या के बाद से यह दुश्मनी और बढ़ गई थी। चेंथमारा का मानना है कि उसकी पत्नी ने पीड़ित परिवार के हस्तक्षेप के कारण उसे छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि हत्या की साजिश पहले से की गई है। आरोपी ने इसे अंजाम देने के लिए एक हथियार खरीदा। पुलिस ने आगे कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने इस बात से इनकार किया कि वह काला जादू करने वाले किसी व्यक्ति से मिला था। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी बाकी है।

## सुप्रीम कोर्ट का तीन तलाक पर केंद्र से जवाब तलब

### कानून के उल्लंघन पर दर्ज मुकदमों और आरोप-पत्रों की संख्या पूछी

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तीन तलाक कानून के विरोध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन करके जीवनसाथी को तीन तलाक देने वाले पुरुषों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आरोपपत्रों की संख्या की जानकारी दी जाए।



### 12 याचिकाओं पर सुनवाई

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कानून की सांविधानिकता को चुनौती देने वाली 12 याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से इन याचिकाओं पर अपने लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा 3 और 4 के तहत लंबित कुल एफआईआर और आरोप पत्र की संख्या दाखिल करेगी।


### जेनेटिक इंजीनियरिंग का है कारनामा

## अब पुरुष भी पैदा कर सकेंगे बच्चे

### नर चूहों पर सफल रहा प्रयोग

एजेंसी | नई दिल्ली

विज्ञानियों को दो नर चूहों से स्वस्थ संतान पैदा करने में कामयाबी मिली है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिये पैदा किए गए ये चूहे बड़े हो गए हैं। इस उपलब्धि से लुप्तप्राय प्रजातियों को विलुप्त होने को रोकने की उम्मीद जगी है। बीमारी या अन्य कारकों से क्षतिग्रस्त ऊतकों या अंगों को बदलना भी संभव हो सकता है। यह सफलता समलैंगिक पुरुषों के लिए संतान पैदा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।



### स्टेम सेल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल

चीन के शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल दो नर चूहे के जेनेटिक मेटेरियल का उपयोग करके चूहों को पैदा किया है। इसके लिए मादा चूहे का उपयोग नहीं किया गया। इसके लिए 'भ्रूण स्टेम सेल इंजीनियरिंग' तकनीक का उपयोग किया गया। इस तकनीक के जरिये वैज्ञानिकों ने एक चूहे के स्पर्म से अंडे बनाए, जिन्हें दूसरे चूहे के स्पर्म से निषेचित किया गया। स्टेम सेल तकनीक नई नहीं है, लेकिन पिछले सभी प्रयासों में पूरी सफलता नहीं मिल सकी थी। स्टेम कोशिकाएं विशेष कोशिकाएं होती हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं विकसित करने की क्षमता होती है। भ्रूण में मौजूद भ्रूण स्टेम कोशिकाएं, भ्रूण के सभी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने की क्षमता रखती हैं। यह शोध सेल स्टेम सेल जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

### 20 जीन को किया एडिट

शोधकर्ताओं ने 20 जीन को एडिट किया। इसके लिए क्लोनिंग तकनीक का उपयोग किया गया। नर जीन के दो सेटों का उपयोग करके प्रजनन किए गए चूहे या तो विकसित नहीं हुए या गंभीर विकृति के साथ पैदा हुए और मर गए। हालांकि, चूहों की स्टेम कोशिकाओं में 20 अलग-अलग जीनों को एडिट करने के बाद शोधकर्ताओं को स्वस्थ चूहे पैदा करने में सफलता मिली। शोधकर्ताओं ने 1,081 भ्रूण बनाए। उनमें से कुल 84 नर और 50 मादा चूहों का जन्म हुआ। इनमें से आधे से अधिक बड़े होने से पहले ही मर गए।

## पीएम मोदी अगले माह जा सकते हैं अमेरिका

एजेंसी | नई दिल्ली

PM Modi to visit US in Feb अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही एक्शन के मोड में आ गए हैं। उन्होंने नागरिकता से लेकर मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने तक कई ऐसे निर्णय ले डाले, जिससे दुनिया हैरान है। इसी बीच ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर बात हुई। इस बातचीत के बाद अब खबर है कि पीएम मोदी अगले माह यानी फरवरी में अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब प्रवासी भारतीयों के वापस भारत आने को लेकर कवायदें चल रही है, पीएम मोदी का का अगले महीने अमेरिका के दौरे से भारत



को कूटनीतिक से लेकर कारोबार तक कई क्षेत्रों में लाभ होगा। पढ़िए पूरी डिटेल। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण में पीएम मोदी शामिल हुए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शपथ समारोह में शिरकत की थी। इसके बाद फोन पर चर्चा से दोनों ने एक बार फिर जता दिया कि न सिर्फ ट्रंप और पीएम मोदी अच्छे मित्र हैं, बल्कि दो बड़े लोकतांत्रिक देश एकदूसरे के प्रति मित्रता की प्रतिबद्धता से भी बंधे हुए हैं।